# रेलटेल प्रगति

अंक 9











**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**

(भारत सरकार का उपक्रम)

ऑफिस ब्लॉक टॉवर 2, छठा तल, प्लेट-ए, एनबीसीसी बिल्डिंग, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली - 110023

वेबसाइट : www.railtelindia.com

# राजभाषा की गतिविधियां






संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा दिनांक 28.11.2022 रेलटेल प्रयागराज कार्यालय का निरीक्षण



"रेलटेल प्रगति" पत्रिका के आठवें अंक का विमोचन करते हुए
श्री संजय कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक साथ में अन्य अधिकारीगण



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम-1, दिल्ली के
तत्वावधान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम-1, दिल्ली की छमाही
बैठक में उपस्थित श्री संजय कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम-1, दिल्ली की
छमाही बैठक के दौरान दीप प्रज्जवलित करते हुए
श्री संजय कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# रेलटेल प्रगति

## नौवां अंक


संरक्षक
**श्री संजय कुमार**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रधान संपादक
**श्रीमती रुचिरा चटर्जी**
समूह महाप्रबंधक
(प्रशासन एवं सुरक्षा)

उप संपादक
**श्री पुष्पेंद्र सिंह**
संयुक्त महाप्रबंधक/संचालन

**श्री विजय कुमार सक्सेना**
वरिष्ठ प्रबंधक/राजभाषा

सहयोग
**श्री चंद्र प्रकाश शर्मा**
सलाहकार/राजभाषा

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
ऑफिस ब्लॉक टॉवर-2, छठा तल, प्लेट-ए, एनबीसीसी बिल्डिंग, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
दूरभाष: 011-22900600 फैक्स: 011-22900699
www.railtelindia.com


**मुख्य पृष्ठ चित्र**

- इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशकगण
- 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीमती जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा दीप प्रज्ज्वलन
- सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर अपर सचिव सीवीसी डॉ. प्रवीण कुमारी सिंह का स्वागत करते हुए श्री संजय कुमार अध्यक्ष एव प्रबंध निदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी
- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल प्रयागराज कार्यालय का राजभाषायी निरीक्षण

## विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | संरक्षक की कलम से... | 3 |
| 2. | प्रधान संपादक की कलम से... | 4 |
| 3. | रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र की विशेष उपलब्धियां | 5–8 |
| 4. | बातें कैसी–कैसी | 9 |
| 5. | कभी मैं हया हूँ | 9 |
| 6. | रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा 2023 एवं अन्य गतिविधियों संबंधी एक रिपोर्ट | 10–12 |
| 7. | नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम–1 दिल्ली की गतिविधियां | 13–14 |
| 8. | हिंदी कार्यशाला का आयोजन एवं राजभाषा प्रयोग प्रगति का निरीक्षण | 15 |
| 9. | कामकाजी स्त्री | 16 |
| 10. | मैं और मैं | 16 |
| 11. | पश्चिम क्षेत्र में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का विवरण | 17–20 |
| 12 | सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023–एक रिपोर्ट | 21–23 |
| 13. | प्रशासन विभाग की गतिविधियां एवं उपलब्धियां | 24–29 |
| 14. | राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से हिंदी–अंग्रेजी द्विभाषी में जारी करना | 29 |
| 15. | रेलटेल का 24वां स्थापना दिवस समारोह | 30–32 |
| 16. | रेलटेल कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व | 33 |
| 17. | मेरा गाँव सबसे प्यारा | 34 |
| 18. | हर हिन्दुस्तानी की ये अभिलाषा | 34 |
| 19. | रेलटेल द्वारा G20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान में एकीकृत दूरसंचार समाधान की सेवाएं | 35–36 |
| 20. | राजभाषा नियम 8(4) के अनुसार कार्यालय प्रमुख द्वारा व्यक्तिशः आदेश देना? | 36 |
| 21. | विशेष उपलब्धियां | 37–41 |
| 22. | रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने रेलवे सिगनलिंग और दूरसंचार प्रशिक्षण के लिए 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस' की शुरूआत। | 42 |
| 23. | व्यावसायिक गतिविधियां | 43–45 |
| 24. | रेलटेल की 23वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन | 46 |
| 25. | जो भी करें, मन से करें | 47 |
| 26. | रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में गतिविधियों का विवरण | 48–53 |
| 27. | काम के दबाव को कम करने और खुशहाली बढ़ाने के लिए 10 प्रभावी युक्तियाँ | 54–55 |
| 28. | संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी देश की राजभाषा है? | 55 |
| 29. | राजभाषा नियम 10 (4) क्या है? | 55 |
| 30. | एक छोटी बहन का पत्र अपनी तीन बड़ी बहनों के नाम | 56 |
| 31. | एक सासु माँ | 56 |
| 32. | राजभाषा की संवैधानिक व्यवस्था | 57–58 |
| 33. | कार्यालय में प्रयोग होने वाले सामान्य अंग्रेजी – हिन्दी वाक्यांश | 59 |
| 34. | वर्ष 2022–2023 के दौरान हिंदी में सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची | 60 |



(नोट- पत्रिका में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं, सरकार अथवा रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है)

## मिशन

किफायती लागत के साथ अत्याधुनिक संचार समाधानों द्वारा प्रमुख टेलीकॉम अवसंरचना सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनना।

## विज़न

हमारा लक्ष्य ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए पसंदीदा टेलीकॉम समाधान और सेवा प्रदाता बनना।

## रेलटेल के बारे में

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, भारत का सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचा प्रदाताओं में से एक है, जिसमें रेलवे पटरियों के साथ 61000 + रूट किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर का विस्तृत नेटवर्क, 21000 किलोमीटर का एक शहरव्यापी एक्सेस नेटवर्क, 1100 से अधिक टावर, दो अपटाइम यूएसए प्रमाणित टियर III डॉटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) सूचीबद्ध क्लाउड सेवाएं, रेल क्लाउड, एक कटिंग-एज सुरक्षा संचालन केंद्र, नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर और 1,000 से अधिक कर्मचारियों का कार्यबल है। रेलटेल की उपलब्धियों में सबसे बड़े एकीकृत वाईफाई नेटवर्क की स्थापना, देश भर के 6108 रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई की सुविधा प्रदान करना, कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ना शामिल है। रेलटेल सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला में एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइनें, टॉवर को-लोकेशन, डॉटा सेंटर सेवाएं, आईटी और आईसीटी परियोजनाओं का निष्पादन शामिल है। इसके अलावा रेलटेल ने रेलवे से बाहर जैसे कोयला, रक्षा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है। भारत सरकार के सहयोग से रेलटेल डिजिटलीकरण के लक्ष्य को पूरा करने के साथ दूरसंचार क्षेत्र में कई मिशन मोड परियोजनाओं को भी क्रियान्वित कर रहा है।

हिंदी से सारे भारत का एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।


**संजय कुमार**

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**Sanjai Kumar**

Chairman & Managing Director




# संरक्षक की कलम से...

बड़ी ही प्रसन्नता की बात है कि रेलटेल के कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा राजभाषा पत्रिका ''रेलटेल प्रगति'' के 9वें अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका प्रकाशन से हमारा ध्येय यह है कि अधिकारियों व कर्मचारियों को हिंदी की ओर आकर्षित करना जिससे वे अपना ज्यादा से ज्यादा काम हिंदी में करने में सक्षम बन सकें।

वर्तमान दौर सूचना व प्रौद्योगिकी का है। ईमेल, सोशल मीडिया के माध्यम से हम सूचनाओं का आदान–प्रदान बड़ी ही तेजी से कर रहे हैं। हमें समय की आवश्यकता के अनुरूप अपने आपको परिमार्जित कर हिंदी के कामकाज को बढ़ाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। हमें ऐसी कार्य प्रणाली विकसित करनी है जो राजभाषा के प्रयोग–प्रसार को बढ़ाएं और व्यावसायिक कुशलता में भी वृद्धि लाएं।

रेलटेल अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के साथ–साथ राजभाषा के प्रयोग प्रसार के लिए दिए गए लक्ष्यों को भी प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध है।

हाल ही में रेलटेल, प्रयागराज कार्यालय का संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा राजभाषा प्रगति संबंधी निरीक्षण किया गया। समिति के माननीय सदस्यों द्वारा रेलटेल के कार्यालयों में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

रेलटेल ने पहली बार वित्तीय वर्ष 2023–24 की पहली तिमाही में 483 करोड़ रूपये की समेकित आय अर्जित की है जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2022–23 की इसी तिमाही में अर्जित की गई 385 करोड़ रूपये की राशि से 25% अधिक है। नई दिल्ली में आयोजित जी–20 समूह के देशों के प्रमुखों की बैठक के अवसर पर रेलटेल की टीम को एकीकृत दूर संचार समाधान और कैरियर क्लास साइबर सुरक्षा समाधान के सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस टीम ने इस जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाया, जिसकी देशभर में प्रशंसा हुई।

पत्रिका के इस अंक में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्व–रचित ज्ञानवर्धक कहानी, कविता ,लेख आदि को शामिल किया गया है, जिन्हें पढ़कर आप अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

**आशा है कि आगे हम राजभाषा के प्रयोग–प्रसार में और भी वृद्धि लाएंगे।**

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

(संजय कुमार)

गर्व है हमें हिंदी पर, शान हमारी हिंदी है, कहते-सुनते हिंदी हम, पहचान हमारी हिंदी है।

**रुचिरा चटर्जी**

मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं
समूह महाप्रबंधक
(प्रशासन एवं सुरक्षा)

**Ruchira Chatterjee**

Mukhya Rajbhasha Officer & Group General Manager
(Admin & Security)

रेलटेल
RAILTEL
*A Mini Ratna Enterprise*



# प्रधान संपादक की कलम से...

"रेलटेल प्रगति का 9वां अंक नई ऊर्जा के साथ आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। निःसंदेह ही, इस पत्रिका ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग–प्रसार को बढ़ाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभायी है। पत्रिका के "प्रधान संपादक की कलम से.." के माध्यम से आप सभी के साथ संवाद करने का सुअवसर प्राप्त होता है, जिससे मुझे हर्ष की अनुभूति होती है।

रेलटेल द्वारा राजभाषा के प्रयोग–प्रसार को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किए जा रहे हैं कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा राजभाषा पखवाड़ा 2023 का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। रेलटेल द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम–1, दिल्ली के तत्त्वावधान में सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उपनिदेशक/कार्यान्वयन श्री के.पी. शर्मा एवं नराकास उपक्रम–1 के सदस्य सचिव श्री संजीव कुमार ने राजभाषा के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी।

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल प्रयागराज कार्यालय का राजभाषा प्रगति विषयक निरीक्षण किया गया। पिछली अवधि में माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल जयपुर,पटना, कार्यालयों के किए गए निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों की अनुपालना कर दी गई है।

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार सरकारी कामकाज हिंदी में करना हम सभी का संवैधानिक दायित्व ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। हिंदी हमें जन–सामान्य से जोड़ती है, तो वहीं हमारे कार्यों को भी आसान बनाती है। इसीलिए हमें राजभाषा संबंधी सभी अनिवार्यताओं का दृढ़ता से पालन करना है।

पत्रिका के इस अंक में भी हमने स्तरीय कविता, कहानी व लेख, व्यावसायिक गतिविधियों/उपलब्धियों आदि का समावेश किया है, जो आपको अवश्य ही पसंद आएंगे। फिर भी, पत्रिका के आगामी अंकों में सुधार हेतु आपके सुझावों की हमें सदैव प्रतीक्षा रहती है।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

रुचिरा चटर्जी
(रूचिरा चटर्जी)

# रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र की विशेष उपलब्धियां

## जुलाई 2023 से दिसंबर 2023

1. जुलाई–2023 माह के दौरान, वीपीएन–130 पैन इंडिया लोकेशनों के लिए ईपीएफओ से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ जिसके ऑर्डर का मूल्य रु. 620 लाख है। सिकंदराबाद में आईबीडब्ल्यू–4 जीबीपीएस के लिए ईपीएफओ से प्राप्त अपग्रेडेशन पीओ का ऑर्डर मूल्य 252 लाख रुपये है।
2. सिकंदराबाद में एमपीएलएस वीपीएन, आईएलएल और एलएल–2 एमबीपीएस (एकाधिक स्थानों) के लिए तेलंगाना राज्य आईजीआरएस से प्राप्त नवीनीकरण पीओ का ऑर्डर मूल्य 133.99 लाख रुपये है।
3. चेन्नई–कोलकाता के बीच एलएल–100 जीबीपीएस के लिए अमेजॅन डेटा सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ, जिसके ऑर्डर का मूल्य 61.80 लाख है।
4. सिकंदराबाद में आईएलएल–500 एमबीपीएस के लिए एनएमडीसी स्टील लिमिटेड से अपग्रेडेशन पीओ प्राप्त हुआ, जिसके ऑर्डर का मूल्य 50.97 लाख रुपये है।
5. महीने के दौरान दक्षिण क्षेत्र में पैंतीस (35) फाइबर सुधार ब्लॉक निष्पादित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप इकतीस (31) लंबी दूरी के खंडों में सिगनल में सुधार हुआ और अस्सी (97) दोषपूर्ण फाइबर को अतिरिक्त फाइबर गिनती में सुधार करके ठीक किया गया।






*कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में विपणन गतिविधियां*

“किसी चीज से डरो मत। तुम अद्‌भुत काम करोगे। यह निर्भयता ही है जो क्षण भर में परम आनंद लाती है।”

**स्वामी विवेकानंद**

रेलटेल
RAILTEL
एक मिनी रत्न उपक्रम

## एएनपी बैठकें





6. अगस्त–2023 माह के दौरान, एर्नाकुलम में केएफओएन परियोजना के लिए एच/डब्ल्यू और एस/डब्ल्यू की आपूर्ति के लिए केरल राज्य आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेडसे नया पीओ प्राप्त हुआ जिसके ऑर्डर का मूल्य 2964.56 लाख रुपये है.
7. सिकंदराबाद में एलटीई परियोजना के लिए उप मुसिवदूइंजी/टेली/प्रोज/सिकंदराबाद, से नया पीओ प्राप्त हुआ जिसके ऑर्डर का मूल्य 818.18 लाख रुपये है।
8. सिकंदराबाद में एमपीएलएस वीपीएन के कई स्थानों के लिए राजस्व पंजीकरण विभाग, तेलंगाना सरकार (टीएस आईजीआरएस) से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 150.21 लाख रुपये है।
9. वीपीएन–130 पैन इंडिया लोकेशनों के लिए ईपीएफओ से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ जिस ऑर्डर का मूल्य रु. 620 लाख है ।
10. पैन इंडिया लोकेशनों के लिए एमपीएलएस वीपीएन मल्टीपल बैंडविड्थ के लिए ईपीएफओ से नवीनीकरण/ अपग्रेडेशन पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 106.94 लाख है।
11. अगस्त माह के दौरान दक्षिणी क्षेत्र ने 22.08.2023 को 15 कर्मचारियों के साथ "प्रबंधक प्रभावी कार्यशाला" शुरू की है, यह छह सप्ताह की कार्यशाला है।
12. किरंदुल, बचेली और डोनिमलाई स्थानों पर ओएफसी बिछाने का काम शुरू हो गया है और 2 सप्ताह के भीतर पूरा हो जाएगा, रैक और लैन वायरिंग की स्थापना 31.10.2023 तक पूरी हो जाएगी।



एनएमडीसी किरंदुल में भूमि पूजन



किरन्दुल में डक्ट बिछाने का कार्य

13. सितंबर 2023 में 57 स्थानों पर एमपीएलएस वीपीएन विभिन्न बैंडविड्थ के लिए आंध्र प्रदेश दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 100.38 लाख रुपये है। इसी माह के दौरान, विपणन प्रयासों के माध्यम से कुल रु. 499.83 लाख मूल्य के 53 पीओ प्राप्त हुए।

    इसी महीने में सिकंदराबाद में हाइपर कन्वर्ज्ड परियोजना के लिए न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 65.00 लाख रुपये है।

14. अक्टूबर–2023 माह के दौरान, सिकंदराबाद में वाईफाई परियोजना के लिए परमाणु ईंधन कॉम्प्लेक्स से पीओ प्राप्त हुआ, जिसका ऑर्डर मूल्य 105.86 लाख रुपये है।

    इसी माह में दक्षिण क्षेत्र में 34 फाइबर सुधार ब्लॉक निष्पादित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 31 लंबी दूरी के खंडों में सिगनल में सुधार हुआ और 73 दोषपूर्ण फाइबर को अतिरिक्त फाइबर काउंट में सुधार करके ठीक किया गया।





बेंगलुरू टेरीटेरी में रक्तदान शिविर पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण

## 15. हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

रेलटेल कॉर्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद, दक्षिण क्षेत्र कार्यालय में दिनांक 14 सितंबर, 2023 से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रेलटेल दक्षिण क्षेत्र के सभी कार्यपालकों द्वारा "राजभाषा प्रतिज्ञा" लिया गया।




दक्षिण क्षेत्र हैदराबाद में हिंदी शपथ लेते हुए अधिकारीगण

हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी निबंध लेखन, वाद–विवाद, शुद्ध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। इन कार्यक्रमों में दक्षिणी क्षेत्र के सभी कार्यालयों को टेली–प्रजेंस के माध्यम से जोडा गया।

विजेताओं को "हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण" समारोह के दौरान प्रमुख कार्यकारी निदेशक श्री के. मनोहर राजा के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर श्री के.मनोहर राजा ने रेलटेल कर्मचारियों को वेबेक्स के माध्यम से सम्बोधित किया उन्हें अपने दैनिक कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलता है साथ ही हिन्दी के प्रयोग को नई दिशा भी मिलती है।

## कार्यालय में प्रयोग होने वाले सामान्य अंग्रेजी - हिन्दी वाक्यांश

| क्र.स. | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|
| 1 | By virtue of | के नाते |
| 2 | In compliance with | का पालन करते हुए, के अनुपालन मे |
| 3 | In confirmation of | की पुष्टि में |
| 4 | Kindly issue circular | कृपया परिपत्र जारी करें |
| 5 | Leave travel assistance | छुट्टी यात्रा सहायता |
| 6 | Necessary provision | आवश्यक व्यवस्था/ प्रावधान |
| 7 | On the advice of | की सलाह पर |
| 8 | On probation | परिवीक्षाधीन |
| 9 | Application may be rejected. | आवेदन अस्वीकार कर दिया जाए। |
| 10 | As per details below | नीचे लिखे ब्यौरों के अनुसार |
| 11 | Call for an explanation | स्पष्टीकरण मांगा जाए। |
| 12 | Call upon to show cause | कारण बताने को कहा जाए। |
| 13 | Carried forward. | अग्रनीत । |
| 14 | Charge handed over | कार्याभार सौंप दिया । |
| 15 | Competent authority's sanction is necessary. | सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी आवश्यक है |
| 16 | Consolidated report. | समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। |
| 17 | Day to day administrative work | दैनंदिन प्रशासनिक कार्य । |
| 18 | Deduction at source. | स्रोत पर कटौती। |
| 19 | take necessary action./Do the needful. | आवश्यक कार्रवाई करें। |

## बातें कैसी–कैसी




**मनोज टंडन**
निदेशक/परियोजना, संचालन एवं अनुरक्षण


कभी ज्वार, कभी कटार,
चुभती कभी तलवार सी बातें,
कभी रुलाती, कभी हंसाती,
करतीं दिल से करार सी बातें!

कभी बेजार, कभी इफ्तार,
करती अक्सर बेकरार सी बातें,
कभी ललकार, कभी यलगार,
करती अक्सर जाँ–निसार सी बातें!

कभी बेहाल, कभी मलाल,
करती अक्सर, हलाल सी बातें,
कभी खयाल, कभी सवाल,
करती अक्सर हैं धमाल सी बातें!

कभी तरंग, कभी उमंग,
लाती हैं रोज़ नए प्रसंग सी बातें,
कभी पतंग कभी सतरंग,
करती अक्सर मलंग सी बातें!

कभी सहर, कभी दोपहर,
होती दरिया की लहर सी बातें,
कभी नज़र, कभी शजर,
करती सफर की हर डगर सी बातें!

## कभी मैं हया हूँ

कभी मैं हया हूँ,
कभी मैं हवा हूँ,
हूँ कभी वफ़ा भी मैं,
कभी खुद से मैं खफा हूँ!

कभी फ़र्ज में हूँ,
कभी गर्द में हूँ,
हूँ कभी दर्द में मैं,
कभी, आजीवन कर्ज में हूँ!

कभी मैं ज़रिया हूँ,
कभी बदलता नजरिया हूँ,
हूँ कभी साहिल भी मैं,
कभी उफनता दरिया हूँ!

कभी खुद पर निहाल हूँ,
कभी बेमुकम्मल सवाल हूँ!
जिंदगी की कुछ तरकीबों में
मैं, अभी भी नौनिहाल हूँ!

# रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा 2023 एवं अन्य गतिविधियों संबंधी एक रिपोर्ट



**रुचिरा चटर्जी**
मुख्य राजभाषा अधिकारी

**राजभाषा पखवाड़ा 2023 का शुभारंभः** दिनांक 14.9.2023 से 29.9.2023 तक रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि., कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली के मुख्य द्वार पर एक बैनर लगाया गया और एक बैनर बोर्ड रूम में लगाया गया जिससे बोर्ड रूम में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों आदि में अधिकारियों को हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा मिलती रहे। दिनांक 14.9.2023 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हिंदी दिवस संदेश जारी किया गया।

राजभाषा पखवाड़ा 2023 के शुभारंभ के अवसर पर श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने रेलटेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को माननीय रेलमंत्री द्वारा जारी हिंदी संदेश 2023 का वाचन किया।





*माननीय रेलमंत्री द्वारा जारी हिंदी संदेश 2023 का वाचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, निदेशकगण एवं अन्य अधिकारीगण*

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा अपने संबोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना हम सभी का संवैधानिक दायित्व ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमें इसका अनुपालन करना है।

पखवाड़ा के दौरान हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी टाइपिंग एवं राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## राजभाषा पखवाड़ा 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएं





हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता एवं हिंदी निबंध के अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रतिभागीगण

## हिंदी कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 05.10.2023 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अम्बेडकर विश्वविद्यालय के हिंदी के प्रोफेसर डॉ. सत्यकेतु सांकृत ने हिंदी में ज्यादा से ज्यादा सरकारी कामकाज करने का महत्व समझाते हुए इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।



हिंदी कार्यशाला में संबोधित करते हुए प्रोफेसर सत्यकेतु सांकृत



हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा टीपी से जुडे हुए अधिकारी एवं कर्मचारीगण

दिनांक 06.10.2023 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा 2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष के दौरान हिंदी में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी के साथ राजभाषा पखवाड़ा 2023 के दौरान आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रेलटेल के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं टेरिटरी ने भी टीपी के माध्यम से भाग लिया।

# राजभाषा पखवाड़ा 2023 पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह





हिंदी में सराहनीय कार्य एवं हिंदी प्रतियोतिगताओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए
श्री संजय कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण

## रेलटेल राजभाषा शील्ड

रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष के दौरान हिंदी में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने के लिए रेलटेल के पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय को रेलटेल राजभाषा शील्ड प्रदान की गई।



रेलटेल राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख कार्यकारी निदेशक श्री विनोद कुमार अग्रवाल

## राजभाषा निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति के निर्देशानुसार मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा का निरीक्षण करना अनिवार्य है। इसी क्रम में दिनांक 27.12.2023 को रेलटेल, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता का मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रुचिरा चटर्जी, द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया।

निरीक्षण के दौरान समूह महाप्रबंधक/प्रशासन एवं सुरक्षा द्वारा चल/अचल संपत्ति की घोषणा एवं अन्य सूचनाएं समय से साझा करने की जानकारी भी दी।




रेलटेल के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय का राजभाषा प्रयोग प्रगति का निरीक्षण करती हुई मुख्य राजभाषा अधिकारी
श्रीमती रुचिरा चटर्जी

## राजभाषा की अन्य गतिविधियां

रेलटेल की राजभाषा पत्रिका "रेलटेल प्रगति" के 8वें अंक का विमोचन श्री संजय कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीवीओ, निदेशक/वित्त, निदेशक/एनपीएम, निदेशक/परियोजना, संचालन एवं अनुरक्षण कार्यकारी निदेशक/सीसी के साथ मुख्य राजभाषा अधिकारी उपस्थित थीं।



रेलटेल प्रगति पत्रिका के 8वें अंक का विमोचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य अधिकारीगण



रेलटेल पत्रिका के 8वें अंक का अवलोकन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम-1 दिल्ली की गतिविधियां



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम-1) दिल्ली की छमाही बैठक के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार, दीप प्रज्ज्वलित करते हुए



नराकास उपक्रम-1 दिल्ली की बैठक में उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रुचिरा चटर्जी

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम–1 दिल्ली के तत्वावधान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय में हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया इसमें उपनिदेशक/कार्यान्वयन, गृह मंत्रालय श्री के. पी. शर्मा एवं सदस्य सचिव, नराकास उपक्रम–1 दिल्ली श्री संजीव कुमार ने हिंदी के नियमों, प्रयोग प्रसार की महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रुचिरा चटर्जी ने अतिथियों का पौधा पॉट देकर स्वागत किया।





नराकास उपक्रम1 के तत्वावधान में सदस्य कार्यालयों के लिए आयोजित हिंदी कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत करती हुई मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए अतिथिगण

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम–1 दिल्ली के तत्वावधान में हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम–1 दिल्ली के तत्वावधान में हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न पीएसयू के 23 अधिकारियों ने भाग लिया।




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में आयोजित हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागीगण

# हिंदी कार्यशाला का आयोजन एवं राजभाषा प्रयोग प्रगति का निरीक्षण

दिनांक 22.12.2023 को रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कार्यकारी निदेशक/स्थापना, श्री सुधीर कुमार, सहायक निदेशक/राजभाषा श्रीमती अंजू गैरा ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी, निदेशक/एनपीएम, निदेशक/पीओएम तथा निदेशक/वित्त ने अतिथियों का स्वागत किया। कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारियों के साथ–साथ वेबेक्स के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी भाग लिया। कार्यशाला का संचालन मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रूचिरा चटर्जी ने किया। कार्यशाला के उपरांत कार्यकारी निदेशक/स्थापना, रेलवे बोर्ड एवं सहायक निदेशक/राजभाषा, रेलवे बोर्ड ने रेलटेल में राजभाषा प्रयोग प्रगति का निरीक्षण किया। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों द्वारा रेलटेल में हिंदी मे किए जा रहे कार्यों का प्रशंसा की।



कार्यकारी निदेशक/स्थापना श्री सुधीर कुमार का स्वागत करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. चंद्रमणि शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण



कार्यकारी निदेशक/स्थापना श्री सुधीर कुमार को स्मृति चिन्ह देते हुए निदेशक/एनपीएम श्री यशपाल सिंह तोमर एवं अन्य अधिकारीगण



सहायक निदेशक/राजभाषा श्रीमती अंजू गैरा, का स्वागत करते हुए निदेशक/वित्त श्री रामा मनोहर राव



हिंदी कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सुधीर कुमार, कार्यकारी निदेशक/स्थापना, रेलवे बोर्ड एवं उपस्थित अधिकारीगण

## कामकाजी स्त्री



स्त्री तू देवी का रूप है,
जिंदगी का स्वरुप है।
भागदौड़ की जिंदगी में,
भोरकाल की बंदगी में,
अपने लिए कभी कुछ ना सोचा,
निपटा घर के काम,
खाना, कपड़े और बर्तन पोछा,
पति को काम पर और बच्चों को स्कूल,
फिर साफ करने लगी चेहरे की धूल।
कर अधूरा नाश्ता और अधूरा सिंगार,
बस देख रही घड़ी की रफ्तार।
दौड़ती पकड़ती बस और ट्रेन,
थकी सी पहुंची फिर ऑफिस,
फिर की एक नए दिन की शुरुआत,
फिर बड़े उत्साह से लगी निपटाने,
एक के बाद एक फाइलें,
पता नहीं कहाँ से इतनी ऊर्जा आयी,
शायद भगवान ने स्त्री के खून में पायी,
शाम को वापिस घर पहुँच के,
फिर लगी घर और बच्चों को संवारने,
उम्मीद रखती है बस थोड़े से सम्मान की,
कामकाजी स्त्री फिर वही मिलेगी,
अपने जिम्मेदारियों के स्थान पे।

**इतू बाला**
मानव संसाधन कार्यकारी
रेलटेल/हारट्रोन प्रोजेक्ट
मोबाइल 7087039927

## मैं और मैं



कहीं संभलता है कहीं फिसलता है
यह तेरा अहसास है जहाँ मैं और मैं मिलता है

कहीं कुम्हलता कहीं विकलता है
यह तेरा संगसाथ है जहाँ मैं और मैं खिलता है

कहीं झिलमिलाता है कहीं छिटकता है
यह तेरा विन्यास है जहाँ मैं और मैं विचलता है

कहीं उलझता है कहीं सुलझता है
यह तेरा सारांश है जहाँ मैं और मैं विह्वलता है

कहीं सफलता है कही विफलता है
यह तेरा वाक्यांश है जहाँ मैं और मैं अकुलता है

कहीं आगमनता है कहीं प्रस्थानता है
यह तेरा संत्रास है जहाँ मैं और मैं बिलखता है

**कमल किशोर "कमल"**
वरिष्ठ प्रबंधक/बिजली (कॉर्पोरेट कार्यालय)

## पश्चिम क्षेत्र में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का विवरण

राजभाषा पखवाड़ा 2023 के दौरान पश्चिम क्षेत्र में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, लघु कथा लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया।



राजभाषा पखवाड़ा 2023 के अवसर पर हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए प्रतिभागीगण

## रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक



# पश्चिम क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की झलकियां





## सतर्कता सप्ताह

सतर्कता सप्ताह के दौरान प्रमुख कार्यकारी निदेशक के साथ पश्चिम क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी शपथ लेते हुए।

स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के दौरान प्रमुख कार्यकारी निदेशक के साथ अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता शपथ लेते हुए ।







स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के दौरान प्रमुख कार्यकारी निदेशक के साथ अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता शपथ लेते हुए।

> "नर हो, न निराश करो मन को कुछ काम करो, कुछ काम करो जग में रह कर कुछ नाम करो"

**मैथिलीशरण गुप्त**

# पश्चिमी क्षेत्र के व्यावसायिक मुख्य बिंदु

## व्यावसायिक आदेश

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को पिंपरी चिंचवाड़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (पीसीएससीएल) से 10 वर्षों के लिए "राजस्व साझाकरण मॉडल" पर पिंपरी चिंचवाड़ सिटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के मुद्रीकरण के लिए एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करने के लिए एक वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह रेलटेल को स्मार्ट सिटी के दूरसंचार बुनियादी ढांचे के मुद्रीकरण के लिए मिला अपनी तरह का पहला ऑर्डर है। पिंपरी चिंचवाड़ शहर पुणे क्षेत्र में है और भारत में अठारहवां सबसे अधिक आबादी वाला शहर है और महाराष्ट्र राज्य में पांचवां सबसे बड़ा है।

मुद्रीकरण के दौरान, रेलटेल, पट्टे की व्यवस्था के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करेगा। अनुमानित वार्षिक राजस्व ₹70 करोड़ है और 10 वर्षों के लिए ₹700 करोड़ का कुल राजस्व है। रेलटेल पीसीएससीएल को सालाना 32.4 करोड़ रुपये के निश्चित राजस्व का भुगतान करेगा। इसके अतिरिक्त, रेलटेल 10 वर्षों के लिए उत्पन्न कुल अतिरिक्त राजस्व पर पीसीएससीएल को अतिरिक्त राजस्व के रूप में न्यूनतम 21% का भुगतान करेगा।

### भरूच दहेज रेलवे कंपनी लिमिटेड

स्टेशनों, लेवल क्रॉसिंग गेट, टर्मिनल, यार्ड, कार्यालय आदि सहित भरूच दहेज रेलवे कंपनी लिमिटेड के रेलवे खंड पर सीसीटीवी आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और रखरखाव प्रणाली के लिए भरूच दहेज रेलवे कंपनी लिमिटेड से 3 वर्ष की अवधि के लिए 2.97 करोड़ रुपये का खरीद आदेश (पीओ)

**भारती एयरटेल लिमिटेडः** भारती एयरटेल लिमिटेड से पश्चिमी क्षेत्र में 7 सेक्शनों में डार्कफाइबर को 1 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर देने के लिए 2.90 करोड़ रुपये का क्रय आदेश (पीओ)।

**मध्य रेलवेः** 18 महीने की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, पुणे और पुणे मंडल, मध्य रेलवे की तीन स्वास्थ्य इकाइयों में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए मध्य रेलवे से 1.92 करोड़ रुपये का क्रय आदेश (पीओ) और महाराष्ट्र के विभिन्न 8 स्थानों पर 06.08.2023 को आयोजित एक दिवसीय टीपी कार्यक्रम का प्रावधान।

**झाबुआ पावर लिमिटेड (जेबीएल)ः** झाबुआ पावर लिमिटेड (जेबीएल), सिवनी (एमपी) में 5 वर्षों की अवधि के लिए 250 उपयोगकर्ताओं के लिए ई–ऑफिस कार्यान्वयन और रोल–आउट की मेजबानी के लिए 1.52 करोड़ रुपये का क्रय आदेश (पीओ)।

**एमपी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजीः** एमपीसीएसटी परिसर में सीसीटीवी निगरानी के प्रावधान और 1 वर्ष की अवधि के लिए तथा एमपीसीएसटी परिसर में लैन नेटवर्क उन्नयन के प्रावधान के लिए एमपी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से 1.26 करोड़ रुपये का क्रय आदेश।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023-एक रिपोर्ट



**डॉ. चंद्रमणि शर्मा**
मुख्य सतर्कता अधिकारी

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के मार्गदर्शन में **"भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"** विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह (VAW) की प्रस्तावना के रूप में, निवारक सतर्कता उपायों पर 16 अगस्त, 2023 से 15 नवंबर, 2023 तक 3 महीने का अभियान चलाया गया जिसमें सभी मंत्रालयों/विभागों/संगठनों द्वारा निम्नलिखित सतर्कता उपायों को मुख्य रूप से लिया जाना है।

क. जनहित प्रकटीकरण और मुखबिरों के संरक्षण (पीआईडीपीआई) संकल्प के बारे में जागरूकता का निर्माण।

ख. क्षमता निर्माण कार्यक्रम

ग. प्रणालीगत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन।

घ. शिकायत निपटान के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ लेना।

ङ. परिपत्रों / दिशानिर्देशों / नियमावलियों का नवीनीकरण।

च. दिनांक 30.06.2023 से पूर्व शिकायतों का निस्तारण।

## क्षमता निर्माण कार्यक्रम

क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत रेलटेल ने 5 विषयों जिनमें प्रणालियां और प्रक्रियाएं, साइबर स्वच्छता और सुरक्षा, खरीद, पूछताछ करने और मानव संसाधन प्रणाली एवं प्रक्रियाओं में आईओ/पीओ की भूमिका पर बहुत ही उपयोगी सत्र आयोजित किए गए। सत्र बहुत शिक्षाप्रद थे और विशेष रूप से खरीद और आईओ/पीओ की भूमिका के बारे में बहुत सार्थक चर्चा हुई। सत्रों की अध्यक्षता, श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 के आयोजन के एक भाग के रूप में, विशेष रूप से 30 अक्टूबर, 2023 से 5 नवंबर, 2023 तक, रेलटेल ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

30 अक्टूबर, 2023 अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में सत्यनिष्ठा की शपथ लेने के साथ रेलटेल ने पीआईडीपीआई शिकायतों की जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेलटेल के कर्मचारियों द्वारा सुरूचिपूर्ण नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। रेलटेल ने पहले दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कॉर्पोरेट कार्यालय में सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए अधिकारी एवं कर्मचारीगण



सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण

31 अक्टूबर, 2023 को श्रीमती आरती सी. श्रीवास्तव, अपर सचिव, सीवीसी को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया जिन्होंने पीआईडीपीआई शिकायतों की जागरूकता के बारे में बात की। अन्य बातों के अलावा, उन्होंने "निवारक सतर्कता से सहभागी सतर्कता की ओर बढ़ने" और शिकायतों को कम करने में प्रौद्योगिकी'' के महत्व पर प्रकाश डाला।



सतर्कता सप्ताह में आमंत्रित श्रीमती आरती सी श्रीवास्तव, अपर सचिव, सीवीसी



सतर्कता सप्ताह के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

1 नवंबर, 2023 को रेलटेल में सीवीसी के एक अन्य अपर सचिव, डॉक्टर प्रवीण कुमारी सिंह और सीबीआई के उप कानूनी सलाहकार श्री बी. के. सिंह को आमंत्रित किया गया। उन्होंने "सुशासन" के बारे में बात की, और कहा कि जनता के पैसे को सही तरीके से खर्च किया जाए और इसके लिए सीवीसी जैसे नियामक संस्थानों की भूमिका हो। उन्होंने व्यक्तिगत अच्छाई बनाम सार्वजनिक अच्छाई के बारे में विस्तार से बात की गई। क्षमता निर्माण के 5 क्षेत्रों के बारे में बात करते समय, साइबर स्वच्छता और ई–प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग और उससे जुड़े खतरे पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी परोपकारी नहीं है, प्रौद्योगिकी एक समर्थकारी है। खरीद पर, जब नैतिकता और सुशासन की बात आती है, तो लोगों की जवाबदेही, पारदर्शिता, संगठन में कानून का विधिसम्मत शासन महत्वपूर्ण आधार होते हैं। निदेशक मंडल और उच्च प्रबंधन के कार्यों के माध्यम से

मूल्यों और नैतिकता पर जोर दिया गया। "कार्य" और "बातचीत" के बीच कोई विरोधाभास नहीं होना चाहिए। श्री बी. के. सिंह, डीएलए, सीबीआई की "विभागीय कदाचार और आपराधिक कदाचार" के बारे में बहुत उपयोगी चर्चा की गई।






सीवीसी की अपर सचिव डॉ. प्रवीण कुमारी सिंह, संबोधित करती हुई

2 नवंबर, 2023 को रेलटेल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद रेलटेल में वित्तीय विवेक पर हमारे निदेशक (वित्त) ने बहुत ही सार्थक संबोधन दिया। इसके अलावा, इन 3 महीने के अभियान के दौरान निबंध, लेख लेखन, कविता और पोस्टर जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पोस्टर प्रतियोगिता में कर्मचारियों, विशेषकर उनके बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





कार्यकारी निदेशक/सतर्कता, एस एंड टी, रेलवे बोर्ड का संबोधन

रेलटेल ने 3 नवंबर, 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन किया, हालांकि त्रैमासिक का अभियान 15 नवंबर, 2023 तक चला। समापन के दिन, रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सतर्कता/एस एंड टी) श्री एस.पी. बेक को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने संबोधन देने के अलावा जीवन में ईमानदारी, निष्ठा और सत्यनिष्ठा के महत्व के बारे में बताया और विभिन्न पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।



सतर्कता बुलेटिन का विमोचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण




सतर्कता सप्ताह के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, निदेशक/सतर्कता (एस एंड टी) रेलवे बोर्ड एवं निदेशक/परियोजना, संचालन एवं अनुरक्षण

## पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




प्रथम पुरस्कृत पोस्टर

मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों के संचालन में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा सतर्कता टीम को दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

अंत में मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के कवरेज के लिए निदेशकों, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, सोशल मीडिया टीम सहित अन्य सभी की सक्रिय भागीदारी के लिए भी धन्यवाद दिया।

14 नवंबर, 2023 को रेलटेल द्वारा अद्यतन खरीद नियमावली जारी की गई।

***

# प्रशासन विभाग की गतिविधियां एवं उपलब्धियां

## सामूहिक जन्म दिन

रेलटेल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में सामान्यतः गुरूवार को रेलटेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सामूहिक जन्म दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर जन्म दिन वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा केक काटा जाता है तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा शुभकामना संदेश कार्ड दिए जाते हैं।





सामूहिक जन्म दिवस पर श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण बधाई कार्ड देते हुए।

रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य, में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा केक काटा गया तथा उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने संबोधन में कहा कि हम सब टीमवर्क के साथ कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करें ताकि एक वर्ष के अंदर रेलटेल को नवरत्न की श्रेणी में लाया जा सके।





रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक काटते हुए श्री संजय कुमार,
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक साथ में सीवीओ एवं निदेशकगण

## रक्त दान शिविर

रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर रेलटेल कॉर्पोरेट, क्षेत्रीय एवं टेरिटरी कार्यालयों में रक्त दान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं 214 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।



रक्तदान शिविर में पौधा पॉट देकर स्वागत करती हुई समूह महाप्रबंधक/ प्रशासन



रक्तदान करते हुए कर्मचारीगण



रक्तदान शिविर में उपस्थित अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य अधिकारीगण







रेलटेल अधिकारियों/कर्मचारियों की रक्तदान पूर्व जांच एवं रक्तदान करते हुए कर्मचारीगण

> हरे-भरे हैं खेत सुहाने, फल-फूलों से युक्त वन-उपवन,
> तेरे अंदर भरा हुआ है खनिजों का कितना व्यापक धन ।
> मुक्त हस्त तू बॉट रही है सुख-संपत्ति, धन-धाम,
> मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम ।

**मैथिलीशरण गुप्त**

# स्वच्छता पखवाड़ा 2023

दिनांक 16.09.2023 से 29.09.2023 तक रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, टेरिटरियों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। दिनांक 16.9.2023 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कॉर्पोरेट कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवधि के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय में मुख्य द्वार के पास वृद्ध लोगों के लिए एवं बच्चों के लिए अलग दो बॉक्स रखे गए जिनमें रेलटेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गरम कपड़े एवं सादा कपड़े, खिलोनें, पेन्सिल,जूते, कंबल, जैकेट आदि वस्तुओं को जमा करवाया।

वृद्ध लोगों के लिए जमा किए गए गरम कपड़े, सादा कपड़े, कंबल, जैकेट, जूते आदि को गैर सरकारी संगठन "द अर्थ सोवियर्स फाउंडेशन (गुरूग्राम)"को दिया गया। इस गैर सरकारी संगठन के माध्यम से वृद्ध लोगों को मदद पहुंचाई गई। यह एनजीओ 1100 से अधिक वंचितों और वृद्धों को सम्मान और आश्रय देकर समुदाय की सेवा कर रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से परिवारों द्वारा छोड़े गए लोग शामिल हैं,जिनमें अधिकांश या तो मानसिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग है।

बच्चों के लिए जमा की गई कपड़े, किताबें, खिलोंनों को "ज्वाइन टुगेदर ट्रस्ट" साउथ दिल्ली को दिया गया, जो एक स्वयंसेवी आधारित गैर सरकारी संगठन है जो वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करके मजदूरों, कचरा बीनने वालों और झुग्गी–झोपड़ी में रहने वालों के बच्चों के लिए कार्य करता है।

उन व्यक्तियों की कुछ हृदयस्पर्शी झलकियाँ संलग्न हैं जिन्हें रेलटेल कर्मियों के योगदान से सीधा लाभ हुआ है जो कि एक टीम और एक समुदाय के रूप में एक साथ आने पर हमारे ऊपर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव का प्रमाण है। आइए एक–दूसरे के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहें और जीवन में इसी तरह का दान करते हुए पुण्यलाभ कमाते रहें।

स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के दौरान क्षेत्रीय कार्यालयों, पॉप, माइक्रोवेव टावर में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के दौरान सबसे स्वच्छ पॉप को पुरस्कार प्रदान करने के लिए भी प्रविष्टियां आमंत्रित की गई। सभी क्षेत्रों से प्राप्त हुई प्रविष्टियों में उत्तरी क्षेत्र के पानीपत को सबसे स्वच्छ पॉप के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा शील्ड प्रदान की गई। यह शील्ड उत्तरी क्षेत्र की प्रमुख कार्यकारी निदेशक श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक तथा चंडीगढ़ टेरिटरी के टेरिटरी प्रबंधक श्री पुष्पेन्द्र कुमार ने प्राप्त की।



कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारीगण जरूरतमंद बच्चों को वस्तुएं देते हुए



बुजुर्ग से संवाद



स्वच्छ पॉप के लिए शील्ड प्रदान करते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

रेलटेल परिवार ने स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल ने तिरंगा फहराया। इस शुभ अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के कर्मियों के बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कर्मियों द्वारा देशभक्ति गीत एवं कविता की प्रस्तुति दी गई।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए
श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध
निदेशक के साथ अन्य अधिकारीगण







स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेलटेल कर्मियों के बच्चों द्वारा प्रस्तुति

> "लगातार पवित्र विचार करते रहें,
> बुरे संस्कारों को दबाने के लिए एक मात्र समाधान यही है"
>
> **स्वामी विवेकानंद**

## कॉर्पोरेट कार्यालय एवं गुरूग्राम में दीपावली पूजन

श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा दीपावली के सुअवसर पर दिनांक 11.11.2023 को रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय ईस्ट किदवई नगर एवं गुरूग्राम में लक्ष्मी पूजन किया गया। इस अवसर पर रेलटेल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। धन तेरस के दिन कॉर्पोरेट कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा अपने कर कमलों से सभी के कार्यस्थल पर जाकर उपहार प्रदान किए गए।





रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय एवं गुरूग्राम कार्यालय में दीपावली पूजन करते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण

## रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय/ईस्ट किदवई नगर में चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन

दिनांक 22.11.2023 को रेलटेल ने प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं–मेदांता अस्पताल, क्लोव डेंटल और श्रॉफ आई केयर के सहयोग से ईस्ट किदवई नगर परिसर में एक विस्तृत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 115 कर्मचारियों ने भाग लिया। कवर की गई सेवाओं में बीपी, आरबीएस, पीएफटी, बीएमडी, ईसीजी, कार्डियोलॉजिस्ट और जनरल फिजिशियन के साथ परामर्श, दंत जांच और आंखों की जांच शामिल थी।





चिकित्सा शिविर में जांच करवाते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण





चिकित्सा शिविर में जांच करवाते हुए अधिकारीगण



चिकित्सा शिविर में पौधा पॉट देकर स्वागत करती हुई समूह महाप्रबंधक/ प्रशासन एवं सुरक्षा




पौधा पॉट देकर स्वागत करती हुई वरिष्ठ प्रबंधक/ प्रशासन एवं अन्य कर्मी

## राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से हिंदी–अंग्रेजी द्विभाषी में जारी करना

यह भी सूचित किया जाता है कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अन्तर्गत आने वाले सभी कागजात द्विभाषिक (हिंदी–अंग्रेजी) रूप में एक साथ जारी किए जाएं और जारी करते समय ध्यान रखा जाए कि हिंदी रूपांतर अंग्रेजी के ऊपर रहे।

**धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज़**

प्रेस विज्ञप्तियां/Press Release
सामान्य आदेश/General Order
परिपत्र/Circular
प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन/ Administrative or Other Reports
अनुज्ञा पत्र / Permits
अधिसूचनाएं/Notifications
अनुज्ञप्तियां/License
संविदाएं/Contracts
संकल्प/Resolution
नियम/Rule
निविदा प्रारूप/Tender Form
निविदा सूचनाएं/Tender Notices
करार/Agreement
संसद के समक्ष रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा कागज़ पत्र Reports and documents to be laid before the Parliament

# रेलटेल का 24वां स्थापना दिवस समारोह

रेल मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने नई दिल्ली के सुब्रतो पार्क स्थित वायुसेना सभागार में अपना 24वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेलवे बोर्ड के आगमन के उपरान्त राष्ट्रीय गान हुआ। राष्ट्रीय गान के बाद मुख्य अतिथि, के साथ रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन किया। तदोपरांत रेलटेल सीओ की टीम ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के स्वागत संबोधन के पश्चात् रेलटेल की जी–20 की फिल्म प्रस्तुत की गई जिसमें रेलटेल द्वारा जी–20 के दौरान उपलब्ध करवाई गई सेवाओं को दर्शाया गया।

अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेलवे बोर्ड श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने रेलटेल द्वारा जी–20 एवं देश के नेटवर्क कनेक्टिीविटी के लिए दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा की। जी–20 की कनेक्टिीविटी के उत्कृष्ट कार्य के लिए संबंधित टीम को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा शील्ड प्रदान की गई।

स्थापना दिवस समारोह के दौरान वर्ष 2022 –2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त क्षेत्रवार शील्ड निम्नानुसार प्रदान की गई।

| क्र.सं. | विवरण | प्रदान किए गए क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | संपूर्ण सर्वोत्तम क्षेत्र | दक्षिणी क्षेत्र |
| 2. | सर्वोत्तम विपणन क्षेत्र | दक्षिणी एवं उत्तरी क्षेत्र |
| 3. | सर्वोत्तम परिचालन एवं अनुरक्षण क्षेत्र | पूर्वी क्षेत्र एवं पश्चिमी क्षेत्र |
| 4. | सर्वोत्तम वित्त क्षेत्र | पूर्वी क्षेत्र |
| 5. | सर्वोत्तम परियोजना क्षेत्र | पश्चिमी क्षेत्र |
| 6. | सर्वोत्तम राजभाषा क्षेत्र | पश्चिमी क्षेत्र |

सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रंखला में रेलटेल के विभिन्न क्षेत्रों के रेलटेल कर्मियों एवं परिवार के सदस्यों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिनमे दुर्गा वंदना अईगिरि नंदिनी गीत पर सुश्री प्रमिला रॉय, सुश्री महिमा रॉय, सुश्री श्रुति राजेश नायर, सुश्री शिप्रा सिंह, सुश्री प्रगति प्रजापति ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात ओडिसा की एनजीओ अद्रुता के बच्चों द्वारा ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके बाद श्री नवीन द्वारा शिव तांडव वंदना का गायन किया गया। क्षेत्रीय समरसता बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रो के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में गीत प्रस्तुत किये गए जिनमें श्री आलन साजी द्वारा गुजराती गीत, श्री शांतनू रॉय एवं श्री संदीप रॉय द्वारा बंगाली गीत, श्री सुमित द्वारा भोजपुरी गीत, श्री सत्कार संधू द्वारा पंजाबी गीत एवं दक्षिणी क्षेत्र की टीम द्वारा तमिल गीत की प्रस्तुति दी। गीत के पश्चात् दक्षिणी क्षेत्र के कपल श्रीमती एवं श्री श्रीनाथ द्वारा कपल डांस किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन शानदार कव्वाली के साथ कॉर्पोरेट कार्यालय की टीम जिसमें श्री शशिधर उप्पल, श्री कमल किशोर, श्रीमती सुचारिता प्रधान, श्रीमती निकिता शर्मा, सुश्री सीमा कालरा, श्री फेसल, श्री गंभीर सिंह, श्री योगेश सैन, श्री सुमित सिंह, श्री वरूण कुमार सिंह एवं सुश्री शमसा द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के सभी कलाकारों द्वारा मोबाइल के माध्यम से अभ्यास करके एवं दो दिन की तैयारी के बाद सभी कार्यक्रमों की मनोरम प्रस्तुति दी।

अंत में, श्रीमती संध्या गुप्ता एवं श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने प्रतिभागियों को समृति चिन्ह प्रदान किए।

इस भव्य कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती जया वर्मा सिन्हा के साथ–साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधरी, माननीय रेल मंत्री के सलाहकार श्री अरुण सक्सेना, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. चंद्रमणि शर्मा, निदेशक / वित्त श्री वी. राम मनोहर राव, निदेशक / पीओएम श्री मनोज टंडन, निदेशक / एनपीएम श्री यशपाल सिंह तोमर, तथा रेलटेल, रेलवे, विभिन्न मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ रेलटेल के पूर्व सीएमडी और निदेशकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

रेलटेल में प्रथम बार इन–हाउस सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति रेलटेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दी गई। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा आयोजन टीम में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।




रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती जय वर्मा सिन्हा एवं श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधरी एवं अन्य अधिकारीगण दीप प्रज्ज्वल्लन करते हुए





रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती जया वर्मा सिन्हा एवं श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संबोधित करते हुए




रेलटेल के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती जया वर्मा सिन्हा रेलटेल टीम को शील्ड प्रदान करती हुई एवं श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, व्यक्तिगत नकद पुरस्कार एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को शील्ड प्रदान करते हुए।




क्षेत्रीय कार्यालयों को शील्ड प्रदान करते हुए
श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियां



दुर्गा स्तुति



सरस्वती वंदना



ओडीसी नृत्य



क्षेत्रीय भाषा गीत



कपल नृत्य



कव्वाली

# रेलटेल कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व



रेलटेल,रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम है। जिसमें रेलवे ट्रैक के साथ 61,000+ रूट किलोमीटर ओएफसी नेटवर्क, 21000+ किमी सिटीवाइड एक्सेस नेटवर्क, दो अपटाइम यूएसए प्रमाणित टियर III डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय पैनल में शामिल रेल क्लाउड, सुरक्षा संचालन केंद्र जैसे इन्फ्रास्ट्रचर शमिल हैं। हम एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को–लोकेशन, डेटा सेंटर सेवाएं, रिटेल ब्रॉडबैंड सेवा– रेलवायर आदि जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं। रेलटेल एनआईसी ई–ऑफिस, आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली, वाई–फाई हॉटस्पॉट, रेलवे सिगनलिंग, सुरंग रेडियो संचार, एआई आधारित समाधान आदि को लागू करने जैसी अनेक परियोजनाओं पर भी कार्य करता है।

हम अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए समर्पित हैं, मुख्य रूप से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थिरता जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। हमारी कुछ प्रमुख सीएसआर परियोजनाएं निम्नानुसार हैं:

### रेलटेल–आकांक्षा सुपर 30, देहरादून, उत्तराखंड– शिक्षा के माध्यम से जीवन को बदलना।

यह पहल प्रतिवर्ष उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से 30 प्रतिभाशाली जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं, छात्र को सहायता प्रदान करती है। हम उन्हें 11 महीने के लिए मुफ्त आवासीय कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, उन्हें आईआईटी, एनआईटी और राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी करवाते हैं।

### कैन–सहयोगी–कैंसर के उपचार के लिए मार्गदर्शन

इस पहल के माध्यम से, हम कैंसर रोगियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भावनात्मक, आध्यात्मिक और पैरामेडिकल सहायता प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य रिकवरी प्रक्रिया में तेजी लाना, सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करना और रोगी तथा परिवार के सदस्यों को कैंसर से परे जीवन के लिए तैयार करना है। अब तक हमने 40000 कैंसर रोगियों का मार्गदर्शन किया है।

### सेहत केंद्र, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल– स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना।

सेहत केंद्र, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के कल्याण पर विशेष जोर देने के साथ सीमांत क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान और पहुंच में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, आंखों की जांच करना और गर्भवती और नर्सिंग के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करना शामिल है। इस पहल से 2400 से अधिक लाभार्थियों को लाभ हुआ है।

### चिकित्सा स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर, फिरोजपुर, पंजाब

जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हुए हम जनता के लिए देह और चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते हैं, जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मुफ्त दवाएं और दंत समस्याओं के इलाज में सहायता प्रदान करते हैं।

### जल संचय परियोजना, करौली, राजस्थान–स्थायी समुदायों के लिए जल का संचयन

राजस्थान के सूखाग्रस्त करौली जिले में जल संचय कार्यक्रम, जिसमें सामुदायिक लामबंदी, जल पुनर्भरण और जल पुनर्स्राव के लिए रोक बांधध्बांध का निर्माण, ढलान वाले क्षेत्रों में जल पुनर्भरण के लिए गढढों का निर्माण, तालाब की खुदाई और मरम्मत, लगभग 4000 पौधों का रोपण और क्षेत्र में हरित पटटी का विकास जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

**हरीतिमा जयपुरियार**
समूह महाप्रबंधक / कॉर्पोरेट समन्वय

# मेरा गाँव सबसे प्यारा



तुम शहर–शहर कहते हो, हम गांव गांव कहते हैं।
तुम्हारी बुराइयों की चर्चा सारे अखबार करते हैं,
और तुम्हारे शहर वाले हमको गंवार कहते हैं।
तुम्हें मन लुभाती है एसी की ठंडी हवाएँ,
और हम तो नदी के किनारे ठंडी हवाओं में रहते हैं।
तुम बड़ी बड़ी इमारतों मे रहकर खुशियाँ ढूँढते हो,
हम तो टूटी–फूटी मचान में भी खुश रहते हैं।
तुम यहां जगमगाती लाइटों से खुश होते हो,
और हम सूरज की लालिमां का दीदार करते हैं।
मुझे पता है तुम्हारी शहर की औकात,
यहाँ चुल्लू भर पानी को वाटर पार्क कहते हैं।
यहां हर शख्स थक गया है काम करते–करते,
उसे ही यहाँ अमीरी का बाजार कहते हैं।
यहाँ फोन पर लोग रिश्ते निभा रहे हैं,
यहां इसे ही लोग परिवार कहते हैं।।

**सुमित कुमार**
सलाहकार अभियन्ता, एनटीपी

# हर हिन्दस्तानी की ये अभिलाषा



हर हिन्दुस्तानी की ये अभिलाषा हो
हिंदी हो हम हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा हो
केवल एक दिन ही नहीं हमें
नित्य दिन हिंदी दिवस मनाना है।
जन जन ने यह ठाना है।
हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना है।
जिससे है जुड़ा मेरा हर ख्वाब है।
जिससे है जुड़ी मेरी हर आशा है।
जिससे है मुझे पहचान मिली वो
मेरे हिंदी राष्ट्रभाषा है।

**– अभय कुमार**
फील्ड इंजीनियर/पी एंड ए

# रेलटेल द्वारा G20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान में एकीकृत दूरसंचार समाधान की सेवाएं

**रेलटेल द्वारा G20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान में एकीकृत दूरसंचार समाधान और कैरियर क्लास साइबर सुरक्षा समाधान की सेवाएं सफलतापूर्वक प्रदान की गई।**

**122 एकड़ के आईटीपीओ परिसर में वैश्विक मानक की निर्बाध दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए 1675 इनडोर एंटेना, 35 किलोमीटर से अधिक आरएफ केबल और 25 किलोमीटर फाइबर केबल का एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार किया गया।**

नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन का आयोजन देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि विश्व के नेता वैश्विक समस्याओं का समाधान करने के लिए एकत्र हुए। इस अवसर पर रेलटेल को प्रगति मैदान में, विशेष रूप से नए उद्घाटन किए गए भारत मंडपम और प्रदर्शनी हॉल में एकीकृत दूरसंचार समाधान की सेवाएं प्रदान करने का काम सौंपा गया।

अत्याधुनिक मोबाइल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और एक न्यूट्रल इन–बिल्डिंग टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए रेलटेल और उसके साझेदारों ने 3600 से अधिक मानव–दिवसों का निवेश किया जिससे 122 एकड़ के विशाल आईटीपीओ परिसर में मोबाइल कवरेज में काफी वृद्धि हुई। इस दूरसंचार बुनियादी ढांचे में 1675 इनडोर एंटेना, 300 एक्सेस प्वाइंट, 35 किमी से अधिक आरएफ केबल और 25 किमी फाइबर केबल शामिल हैं। परियोजना के हिस्से के रूप में वाईफाई बुनियादी ढांचे को रणनीतिक रूप से बाहरी गलियारों में रखा गया था, जिसमें जी20 कार्यक्रमों के लिए निर्धारित विभिन्न हॉलों को शामिल किया गया था और वाईफाई पहुंच के लिए बैक–एंड आईटी बुनियादी ढांचे को इनडोर वाई–फाई बुनियादी ढांचे के साथ सहजता से एकीकृत किया गया था। रेलटेल ने ऑन–डिमांड वायर्ड इंटरनेट सुनिश्चित करते हुए एक सुरक्षित और मजबूत टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया। इसके अतिरिक्त, रेलटेल ने दूरसंचार कंपनियों को पेसिव इंफ्रा की सुविधा भी उपलब्ध करायी।

रेलटेल ने 5 अलग–अलग भौतिक पथों के माध्यम से दो इंटरनेट अप–स्ट्रीम से इंटरनेट बैंडविड्थ का प्रावधान किया। इसने पूरे आयोजन के नेटवर्क वातावरण के भीतर अनधिकृत पहुंच और अनाधिकृत गतिविधियों को रोकने क लिए सुरक्षित कॉन्फिगरेशन प्रबंधन, फायरवॉल परिनियोजन और घुसपैठ रोकथाम प्रणालियों सहित नेटवर्क बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक साइबर सुरक्षा समाधान भी लगाए । G20 के लिए सुरक्षित और लचीला दूरसंचार समाधान प्रदान करने के लिए रेलटेल ने विदेश मंत्रालय के मार्गदर्शन में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग, कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम–भारत, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय किया। माननीय दूरसंचार, आईटी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में मोबाइल सेवा प्रदाताओं के साथ घनिष्ठ समन्वय सुनिश्चित करने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा पूरी परियोजना का सहयोग किया।

रेलटेल ने भारत मंडपम, राजघाट क्षेत्र, नई दिल्ली संसद मार्ग से जय सिंह मार्ग स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) तक कैमरा फीड को एकीकृत करने के लिए एंड टू एंड बैंडविड्थ भी प्रदान किया गया। इस निर्बाध कनेक्टिविटी ने दिल्ली पुलिस और अन्य प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों को G–20 कार्यक्रम की सुरक्षा और दिल्ली भर में समर्पित मार्गों पर G–20 प्रतिनिधिमंडल की आवाजाही की बारीकी से और सक्रिय रूप से निगरानी करने में सक्षम बनाया।

परियोजना, संचालन और अनुरक्षण निदेशक, श्री मनोज टंडन ने कहा, "रेलटेल ने बहुत उच्च्य जटिलता और उच्च पैमाने की जी20 परियोजना को पूरा करने के लिए, पूरी दूरसंचार बिरादरी को एक साथ लाने की चुनौती को संभाला।

## G20 के आयोजन के अवसर पर कुछ झलकियां










### राजभाषा नियम 8(4) के अनुसार कार्यालय प्रमुख द्वारा व्यक्तिशः आदेश देना?

राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8 (4) के अनुसार केंद्र सरकार/उपक्रम/निगम तथा ऐसे अधिसूचित कार्यालयों के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को टिप्पण, प्रारूपण और अन्य उन शासकीय कार्यों को केवल हिंदी में करने के लिए आदेश जारी किया जाना अपेक्षित है।

“ एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों बार ठोकरें खाने के बाद ही होता है. ”

**स्वामी विवेकानंद**

## विशेष उपलब्धियां

### अंतरराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2023

रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने सीआईआई अंतरराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2023 में भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन पर एक विशेष संबोधन दिया। अंतरराष्ट्रीय रेल सम्मेलन 2023 में रेलटेल ने प्रगति मैदान में एक स्टॉल लगाया।







श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सीआईआई अंतरराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2023 में भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन पर एक विशेष संबोधन देते हुए।



अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी, निदेशक/पीओएम एवं अन्य अधिकारीगण

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 रेलटेल ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27–29 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 (आईएमसी–2023) में एक स्टाल लगाया। विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और आम जनता ने स्टाल का दौरा किया।





नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27-29 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 (आईएमसी-2023) में एक स्टाल में उपस्थित निदेशक/पीओएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण

## प्रगति मैदान में रेलटेल के सामजिक दायित्व का स्टॉल

रेलटेल ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सीपीएसई गोलमेज सम्मेलन और प्रदर्शनी 2023 में भाग लिया। रेलटेल ने स्टॉल नंबर–15 पर अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर पहल प्रस्तुत की।





रेलटेल के सामजिक दायित्व के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियां

> हम कौन थे, क्या हो गए हैं, और क्या होंगे अभी. आओ
> विचारें आज मिल कर, यह समस्याएं सभी.

**मैथिलीशरण गुप्त**

## डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार




दूरसंचार एवं आईटी श्रेणी में डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार प्राप्त करते हुए प्रमुख कार्यकारी निदेशक श्री पराग गोयल एवं रेलटेल के अधिकारीण

## एक्सप्रेस कंप्यूटर डेटासेंटर चैंपियन पुरस्कार




एक्सप्रेस कंप्यूटर डेटासेंटर चैंपियन पुरस्कार 2023 प्राप्त करती हुई श्रीमती हरीतिमा जयपुरियार, समूह महाप्रबंधक/आईटीपी

## साइबर सुरक्षा चैंपियन पुरस्कार




G20 शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने के लिए साइबर सुरक्षा चैंपियन पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री मनोज टंडन निदेशक/परियोजना, संचालन एवं अनुरक्षण तथा श्रीमती हरीतिमा जयपुरियार, समूह महाप्रबंधक/आईटीपी

## रेलमंत्री राजभाषा पुरस्कार



अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड से रेलमंत्री राजभाषा पदक प्राप्त करती हुई रेलटेल की मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रुचिरा चटर्जी

## सीएमओ एशिया पुरस्कार 2023

रेलटेल ने पीएसयू उत्कृष्टता श्रेणी के तहत अपनी सीएसआर पहल के लिए सिंगापुर में सीएमओ एशिया पुरस्कार समारोह 2023 में पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार श्रीमती रुचिरा चटर्जी, समूह महाप्रबंधक/कॉर्पोरेट समन्वय, श्री बी.के. चतुर्वेदी, महाप्रबंधक/वित्त और श्री मुकेश गौतम, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक/सीसी ने प्राप्त किया। टीम के सदस्यों ने अपने दौरे के दौरान सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अम्बुले से भी मुलाकात की एवं रेलटेल की सेवाओं की जानकारी दी।



सीएमओ एशिया पुरस्कार समारोह 2023 में पुरस्कार प्राप्त करती हुई श्रीमती रुचिरा चटर्जी एवं अन्य अधिकारीगण




पीएसयू उत्कृष्टता श्रेणी के तहत सीएसआर पहल के लिए सिंगापुर में पुरस्कार समारोह में संबोधित करती हुई श्रीमती रुचिरा चटर्जी समूह महाप्रबंधक/प्रशासन, सुरक्षा एवं कॉर्पोरेट समन्वय






पीएसयू उत्कृष्टता श्रेणी के तहत अपनी सीएसआर पहल के लिए सिंगापुर में सीएमओ एशिया पुरस्कार समारोह 2023 में पुरस्कार के साथ श्रीमती रुचिरा चटर्जी समूह महाप्रबंधक/प्रशासन, सुरक्षा एवं कॉर्पोरेट समन्वय एवं अन्य अधिकारीगण

# साइबर सुरक्षा डेटा संरक्षण और डेटा केंद्र उत्कृष्टता पुरस्कार



साइबर सुरक्षा डेटा संरक्षण और डेटा केंद्र उत्कृष्टता पुरस्कार के साथ निदेशक/परियोजना, संचालन एवं अनुरक्षण तथा समूह महाप्रबंधक/आईटीपी श्रीमती हरीतिमा जयपुरियार एवं अन्य अधिकारीगण

# डिजिटल सिक्योरिटी लीडर अवार्ड




डिजिटल सिक्योरिटी लीडर अवार्ड (सिस्को) प्राप्त करती हुई समूह महाप्रबंधक/आईटीपी श्रीमती हरीतिमा जयपुरियार

# नमस्ते वियतनाम महोत्सव 2023

आईटी, आईसीटी और सीमाओं के पार व्यापार के अवसरों की खोज करते हुए, रेलटेल टीम ने हो ची मिन्ह सिटी में माननीय सीजीआई द्वारा समर्थित नमस्ते वियतनाम उत्सव में भाग लिया। संभावित सहयोग के लिए रेलटेल टीम ने वियतनाम रेलवे, शहरी परिवहन और स्थानीय उद्योग जगत के नेताओं के साथ वार्तालाप किया।






वियतनाम में नमस्ते वियतनाम उत्सव के अवसर पर उपस्थित रेलटेल के अधिकारीगण

श्री पराग कुमार गोयल, प्रमुख कार्यकारी निदेशक/रेलटेल ने, भारत के माननीय काउंसिल जनरल, द्वारा समर्थित 'भारत–वियतनाम रेलवे सहयोग पर बैठक', नमस्ते वियतनाम महोत्सव में वियतनाम रेलवे के अधिकारियों और अन्य उद्योग के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को रेलटेल की सेवाओं का ची मिन्ह सिटी में प्रस्तुति दी।





नमस्ते वियतनाम उत्सव में संबोधित करते हुए श्री पराग कुमार गोयल, प्रमुख कार्यकारी निदेशक/ईबी

# रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने रेलवे सिगनलिंग और दूरसंचार प्रशिक्षण के लिए 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस' की शुरूआत।

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, रेल मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न पीएसयू ने रेलवे सिगनलिंग के क्षेत्र में योग्य और कुशल जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना की है। श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल ने आज रेलटेल के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में इस केंद्र का उद्‌घाटन किया।

यह सेंटर फॉर एक्सीलेंस आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से सर्टिफिकेशन और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला को प्रस्तुत करेगा। इन पाठ्यक्रमों में कवच की मौलिक अवधारणाओं, कवच के स्टेशन आरएफआईडी नेटवर्क की उन्नत डिजाइनिंग, ऑन बोर्ड उपकरण और साइबर सुरक्षा को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह सेंटर फॉर एक्सीलेंस अनुभवी रेलवे पेशेवरों और युवा इंजीनियरों दोनों को सेवाएं प्रदान करते हुए आईआरएसई लाइसेंस के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यता प्रमाणन के लिए मूल्यांकन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। इसमें आईआरएसई लाइसेंस के लिए कार्यस्थल और योग्यता दोनों का मूल्यांकन शामिल है। भारत और विदेशों में अग्रणी संस्थानों के साथ साझेदारी करके यह सेंटर फॉर एक्सीलेंस रेलवे सिगनलिंग और दूरसंचार के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सेंटर फॉर एक्सीलेंस के लिए संसाधन भागीदार रेलएजुटेक प्राइवेट लिमिटेड है, जो व्यापक रेलवे प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित इकाई है।

अत्याधुनिक प्रशिक्षण और अनुसंधान पहलों के माध्यम से, यह सेंटर देश में रेलवे परिचालन के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्‌घाटन करते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक





सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्‌घाटन के अवसर पर उपस्थित अधिकारीगण

## व्यावसायिक गतिविधियां

### समझौता ज्ञापन

### रेलटेल एवं रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉर्पोरेशन के बीच समझौता ज्ञापन

9 नवंबर 2023 को रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉर्पोरेशन ने दूरसंचार, आईटी और रेलवे सिगनलिंग के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रचर ढांचा परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए रेलटेल के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन में अगले पांच वर्षों में रुपये 30,000 करोड़ तक के लिए रेलटेल की ऐसी इन्फ्रास्ट्रचर ढांचा परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए आरईसी की सीमा निर्धारित की गई है। इन परियोजनाओं में डेटा सेंटर उत्पादों और सेवाओं, दूरसंचार और आईटी उत्पादों और सेवाओं, रेलवे और मेट्रो परियोजनाओं और कवच ट्रेन टक्कर रोकथाम प्रणाली सहित क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसके अतिरिक्त, यह समझौता ज्ञापन दक्षिण पूर्व एशिया और पूर्वी अफ्रीका में द्विपक्षीय देश चर्चा और इन्फ्रास्ट्रचर ढांचा परियोजनाओं के हिस्से के रूप में हाई–स्पीड रेल, मेट्रो, आईटी नेटवर्क और रेलवे नेटवर्क के उन्नयन से संबंधित विदेशी उद्यमों के वित्त पोषण की संभावनाओं तक फैला हुआ है, जिन पर रेलटेल वर्तमान में अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है।



समझौता ज्ञापन के साथ श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं वी के देवांगन आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

> काम करके कुछ उपार्जन करना शर्म की बात नहीं,
> दूसरों का मुँह ताकना शर्म की बात है।
>
> **प्रेमचंद**

## रेलटेल और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन

रेलटेल और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने आईसीटी, क्लाउड सेवाओं, मिशन क्रिटिकल कम्युनिकेशन आदि के क्षेत्र में सहयोगी साझेदारी स्थापित करने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में संयुक्त रूप से सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



समझौता ज्ञापन के साथ श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं ईसीआईएल के अधिकारीगण

## रेलटेल और पुडुचेरी सरकार के बीच समझौता ज्ञापन

पुडुचेरी सरकार के लिए रेलटेल द्वारा कार्यान्वित ई–ऑफिस परियोजना का उद्घाटन पुडुचेरी सरकार के मुख्यमंत्री श्री एन. रंगासामी की गरिमामयी उपस्थिति में उपराज्यपाल डॉ. (श्रीमती) तमिलिसाई सुंदरराजन ने पुडुचेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में किया। ई–ऑफिस एप्लिकेशन सरकारी फाइलों के इलेक्ट्रॉनिक प्रसंस्करण में मदद करेगा जो सरकारी योजनाओं की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करेगा।




पुडुचेरी सरकार के लिए रेलटेल द्वारा कार्यान्वित ई–ऑफिस परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एवं महामहिम राज्यपाल

## रेलटेल और आईआईटी रूड़की एवं बर्मिंघम विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन

रेलटेल और आईआईटी रूड़की ने आईआरएसई (यूके) की मान्यता के साथ रेलवे सरंक्षा, आईसीटी अनुप्रयोगों और साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में क्षमता और सक्षमता निर्माण के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस खोलने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रेलवे संचालन और अनुरक्षण के लिए डिजिटल ट्विन मॉडल बनाने के लिए रेलटेल ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल श्री संजय कुमार, ने आईआरएसई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी 2023 के उद्घाटन समारोह में निदेशक/आईआईटी रूड़की प्रो. के.के. पंत, और निदेशक/बर्मिंघम विश्वविद्यालय प्रो. क्लाइव रॉबर्ट्स, के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया। इस कार्यक्रम में माननीय रेलवे और कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्रीमती जया वर्मा सिन्हा, भारत में वियतनाम के राजदूत श्री गुयेन थान हाई, अपर सदस्य/टेली. रेलवे बोर्ड, श्रीमती अरूणा सिंह, माननीय रेलमंत्री के सलाहकार श्री अरुण सक्सेना, अध्यक्ष/आईआरएसई (यूके) भारत, श्री ए.के. मिश्रा, सचिव/आईआरएसई (यूके) भारत, श्री अंशुल गुप्ता, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, भारत सरकार, लेफ्टिनेंट जनरल एम. यू. नायर, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



आईआईटी रूडकी के साथ समझौता ज्ञापन के अवसर पर आईआईटी रूडकी के निदेशक श्री के. के. पंत एवं रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार



निदेशक/बर्मिंघम विश्वविद्यालय प्रो. क्लाइव रॉबर्ट्स, के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान करते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

> नया जन्म ही जग पाता मरण मूढ़-सा रह जाता है
> एक बीज सौ उपजाता है
> सृष्टा बड़ा सदय है जीवन की ही जय है
> जीवन पर सौ बार मरूं मैं क्या इस धन को गाड़ धरूं मैं?
> यदि न उचित उपयोग करूं मैं
> तो फिर महा प्रलय है जीवन की ही जय है

**मैथिली शरण गुप्त**

# रेलटेल की 23वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. की दिनांक 31 अगस्त 2023 को 23वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया।




रेलटेल की वार्षिक आम बैठक में उपस्थित अधिकारीगण




रेलटेल की वार्षिक आम बैठक में संबोधित करते हुए श्री संजय कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## संसदीय स्थायी समिति की ऋषिकेश में बैठक

दिनांक 11.09.23 को ऋषिकेश में रेलवे पर संसदीय स्थायी समिति का अपने अध्ययन दौरे के दौरान "उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे" पर विशेष जोर देते हुए भारतीय रेलवे में डिजिटलीकरण" विषय पर रेलटेल के साथ बैठक का सफल समापन हुआ। समिति ने आईसीटी के क्षेत्र में और विशेष रूप से यात्री सुविधाओं और सुरक्षा के संदर्भ में स्टेशनों पर वाई–फाई और वीएसएस की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलटेल के कार्य की सराहना की।





ऋषिकेश में रेलवे पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक

# जो भी करें, मन से करें



किशोर कुमार का गाया हुआ बड़ा ही प्रचलित गीत है "दुनिया में रहना है तो काम करो प्यारे... खेल कोई नया, सुबह शाम करो प्यारे..." जब तक ये जीवन है, तब तक हमें कोई न कोई काम लगा रहता है। अगर हमारे काम खत्म हो गये या हम किसी पर आश्रित हो गये तो इस जीवन का कोई मतलब नहीं है। इसलिए, अपने आपको अनुशासित रखते हुए हमें ईमानदारी के साथ अपने काम को करते रहना चाहिए।

## स्वयं को पहचानें और सम्मान करें

क्योंकि अगर आप ही खुद को नहीं पहचान पा रहे हैं तो बाकी दुनिया से इसकी उम्मीद रखना व्यर्थ है। कहते हैं कि सभी में कोई न कोई एक बात खास, सबसे अलग होती है। हमें अपनी उसी खूबी, शौक के हिसाब से आगे बढ़ना चाहिए और उस बात के लिए हमें खुद पर गर्व होना चाहिए। यदि हम खुद को ही श्रेष्ठ नहीं मानते तो दूसरे कैसे मानेंगे।

## सकारात्मक सोच

हमेशा जीवन को सकारात्मक रूप में लें। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैया आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और जीवन के कठिन समय में साहस भी देता है। सकारात्मक सोच, आगे आने वाले मार्ग को प्रशस्त करती है और हम जीवन को एक नये दृष्टिकोण से देख पाते हैं।

## जीवन से कभी हार न मानें

हार और जीत जिंदगी के दो पहलू हैं। जीवन की हर छोटी–बड़ी खुशी को भरपूर जियें और जीवन को अपने अनुसार जियें। कभी भी स्वयं को किसी के आगे न झुकाएं, आप हार से हार मानकर निराश न हो जायें। शारीरिक शक्ति से ज्यादा जरूरी है आपका मानसिक रूप से मजबूत होना 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत'। जीवन में जय और पराजय केवल मन के भाव हैं। जब हम किसी कार्य के शुरु में ही हार मान लेतें हैं तो हम सचमुच में ही हार जाते हैं।

## मन में असुरक्षा की भावना न लाएं

हमें अपने मन की दृढ़ता बनाकर रखनी चाहिए। मन में न कभी असुरक्षा की भावना लानी चाहिए और न ही किसी को देखकर असुरक्षित महसूस करना चाहिए। असुरक्षित मन कभी भी सही रास्ते पर नहीं लेकर जा सकता है। इसलिए किसी की नकल किये बिना स्वयं की असल पहचान बनें।

## सामाजिक सरोकार बनाये रखें

अपने जीवन को सहज, सरल और जीवंत बनाने में सामाजिक रिश्तों का बहुत महत्व है। एक दूसरे के प्रति, धर्म के प्रति, कार्य के प्रति, परस्पर सद्भाव, आदर सहयोग एक बेहतर समाज का निर्माण करता है। समाज के हर नागरिक का कर्तव्य है कि समाज के प्रति कुछ करे और अपनी भूमिका निभाए।

आप चाहें किसी भी काम को करें परंतु इसमें अपनी पसंद और नापसंदगी का जरूर ख्याल रखें। अपनी सृजनात्मकता को मरने न दें तथा लगातार इस ओर अग्रसर बने रहें। यही आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। साथ ही, यही तटस्थता आपको अलग पहचान दिलायेगी।

अपने आत्मसम्मान को कभी मरने न दें। जो भी करें, मन से करें।

**नितिन हुंडैत**
टेरीटेरी प्रबंधक/उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली

# रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में गतिविधियों का विवरण

## रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र को प्राप्त नए कार्य आदेश

1. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को अलीपुरद्वार डिवीजन के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे से 2 स्वीकृति पत्र प्राप्त हुए। स्वीकृति पत्र खुली निविदा के माध्यम से प्राप्त हुआ तथा इसकी संचयी राशि 8.43 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) है। यह कार्य अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर निगरानी से संबंधित एस एंड टी कार्यों के लिए है।
2. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को ओडिशा सरकार के श्रम एवं ईएसआई विभाग से एक आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश आईटी सेवाओं (डिजिटलीकरण) के लिए है। कुल खरीद आदेश राशि 1.19 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) है।
3. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को ओसीएसी (OCAC) से एक और आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश विद्युत वस्तुओं जैसे यूपीएस आदि की आपूर्ति के लिए है। खरीद आदेश राशि 1.14 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) है।
4. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स से 10.60 लाख रूपये (जीएसटी सहित) का क्रय आदेश प्राप्त हुआ। क्रय आदेश 100 एमबीपीएस बैंडविडथ के गुणक पर रेलनेट कनेक्टीविटी के लिए है।
5. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को खड़गपुर से जाजपुर क्योंझर तक डार्क फाइबर आईआरयू के पट्टे के लिए टीसीएल से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। क्रय आदेश 2.55 करोड़ (जीएसटी सहित) है।
6. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय रेलवे के विभिन्न मंडलों से 2.58 करोड़ के क्रय आदेश प्राप्त हुए।
7. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को 500 एमबीपीएस और 20एमबीपीएस की इंटरनेट बैंडविड्थ कनेक्टिविटी के लिए मेकॉन का एक और आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश राशि 69.6 लाख रुपये (जीएसटी सहित) है।
8. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को मणिपुर विधान सभा 100 एमबीपीएस आईएलल कनेक्टिविटी के लिए 11.03 लाख रूपये का क्रय आदेश प्राप्त हुआ।
9. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को कोलकाता उच्च न्यायालय के सर्किट बेंच–जलपाईगुड़ी (100 एमबीपीएस ILL कनेक्टिविटी के लिए 07.02 लाख रुपये में क्रय आदेश प्राप्त हुआ।
10. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को ओडिशा में 38 स्थानों पर (आरटीओ) 1 वर्ष की आईटी देखभाल सहायता के साथ लैन स्थापना हेतु एसटीए से इंडेट पत्र जिसका एलओआई 11.36 करोड है। (जीएसटी सहित) है।
11. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को क्लाउड आधारित ईमेल और सहयोग समाधान के लिए वेबेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड से संशोधित क्रय आदेश प्राप्त हुआ। क्रयआदेश राशि 6.57 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) है।
12. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को प्रधानमंत्री कार्यक्रमों और अन्य वीवीआईपी टीपास (TpaaS) कार्यक्रमों के अंतर्गत पूर्व तट रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे से 71.70 लाख रुपये (जीएसटी सहित) के संचयी खरीद आदेश प्राप्त हुए।
13. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को रेलनेट कनेक्टिविटी ऑर्डर (नए और अपग्रेडेशन) के अंतर्गत पूर्वी रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण पूर्वी रेलवे से 53.23 लाख जीएसटी सहित है।
14. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को रघुनाथपुर स्टेशन पर टीपास (TpaaS) सेवाओं (वीआईपी/वीवीआईपी आयोजन) के लिए पूर्व मध्य रेलवे से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश राशि 30.22 लाख रुपये (जीएसटी सहित) है।
15. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को रांची स्टेशन पर टीपास (TpaaS) सेवाओं (वीआईपी/वीवीआईपी आयोजनों) के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश राशि 12.61 लाख रुपये (जीएसटी सहित) है।

16. पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर और अंतागढ़ स्टेशन पर टीपास (TpaaS) सेवाओं (वीआईपी/वीवीआईपी आयोजन) के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश राशि 12.58 लाख रुपये (जीएसटी सहित) है।
17. परमिट फील्ड, हॉस्पिटल रोड, बालासोर में टीपास (TpaaS) सेवाओं (वीआईपी/वीवीआईपी आयोजनों) के लिए पूर्व तट रेलवे से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश राशि 8.86 लाख रुपये (जीएसटी सहित) है।
18. एएमसी के साथ सीसीटीवी की खरीद और स्थापना के लिए ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। संचयी खरीद आदेश राशि रु. 20.60 लाख (जीएसटी सहित) है।
19. वीपीएन सेवाओं के लिए भारतीय स्टेट बैंक से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। संचयी खरीद आदेश राशि 7.84 लाख रुपये (जीएसटी सहित) है।
20. कई स्थानों पर अतिरिक्त जीएसएम एंटेना के लिए भारती एयरटेल से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। संचयी खरीद आदेश राशि रु. 8.18 लाख (जीएसटी सहित) है।

## रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र द्वारा टीपास (TpaaS) सेवाओं द्वारा माननीय प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री के कार्यक्रम

रांची–पटना के रास्ते वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री की वीसी 27.06.2023 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

दिनांक 07.07.2023 को रायपुर में दुर्ग–अंतागढ़ अनुभाग के अंतागढ़ स्टेशन पर रेलवे कार्य के उद्घाटन और सोननगर और दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर लाइव स्ट्रीमिंग के लिए माननीय प्रधान मंत्री महोदय हेतु वीसी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



माननीय प्रधानमंत्री के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दिनांक 06.08.2023 को देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला हेतु सफलतापूर्वक आयोजित की गई।



माननीय प्रधान मंत्री के लिए वीसी 17.09.2023 को पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करने के लिए गया, भुवनेश्वर, बिलासपुर और संबलपुर स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई।



वंदे भारत के शुभारंभ के लिए माननीय प्रधानमंत्री के लिए वीसी 24.09.2023 को रांची, पटना, भुवनेश्वर, टाटानगर, रायराखोल, झारसुगुड़ा और संबलपुर स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी।



दिनांक 12.10.2023 को बिहार में टीपास *(TPaaS)* के माध्यम से रेलवे बोर्ड वॉर रूम को रघुनाथपुर ट्रेन दुर्घटना का लाइव कवरेज प्रदान किया गया है।

माननीय रेल मंत्री के लिए 17.10.2023 को उत्तर–पूर्व और जम्मू–कश्मीर के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए अगरतला और गुवाहाटी में कार्यक्रम हेतु वीसी सफलतापूर्वक आयोजित आयोजित की गई।



माननीय प्रधानमंत्री टीपी के माध्यम से संबोधित करते हुए




उत्तर-पूर्व और जम्मू-कश्मीर के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाने हुए माननीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव

## रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियां

राजभाषा पखवाड़ा के समापन समारोह में 29–सितंबर–2023 को, प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सहयोगी कर्मचारी–वर्ग को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में राजभाषा पखवाड़ा–2023 का आयोजन 14 सितंबर 2023 से 29 सितंबर 2023 तक किया गया। इस दौरान हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन और हिंदी कार्यशाला का आयोजन जैसी विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह की झलकियां (पूर्वी क्षेत्र)









रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में 25.09.2023 को क्षेत्रीय महाप्रबंधक/पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक भी आयोजित की गई और रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र के सभी अधिकारियों द्वारा राजभाषा में काम बढ़ाने पर भी चर्चा की गईः





राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

रेलटेल/पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान 27–सितंबर–2023 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें "राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम, 1976 के वैधानिक प्रावधान" विषय पर जानकारी दी गई।

## रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में अन्य गतिविधियों से संबंधित विवरणः

### रक्तदान शिविर

दिनांक 26.09.2023 को रेलटेल, क्षेत्रीय कार्यालय/पूर्वी क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में 27 स्वयंसेवक उपस्थित थे जिनमें से 22 स्वयंसेवक रक्तदान के लिए योग्य पाए गए।





रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते हुए अधिकारी एवं कर्मचारीगण

### क्षेत्रीय कार्यालय में जागरूकता सत्र का आयोजन

रेलटेल पूर्वी क्षेत्र ने विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मणिपाल अस्पताल साल्टलेक के सहयोग से 27 सितंबर 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय में एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया।





## सतर्कता जागरूकता सप्ताह



सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर उपस्थित अधिकारीगण

रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र ने 16 अगस्त 2023 से 5 नवंबर 2023 तक तीन महीने का सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया। इस अवधि के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, सभी छह प्रादेशिक कार्यालयों और एनओसी/कोलकाता में प्रमुख स्थानों पर पीआईडीपीआई के पोस्टर प्रदर्शित किए गए। क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यपालकों को महाप्रबंधक/परियोजना/पूर्वी क्षेत्र द्वारा पीआईडीपीआई पर एक संक्षिप्त सत्र दिया गया। रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र ने सतर्कता पहलुओं और पीआईडीपीआई के बारे में ठेकेदारों को जागरूक करने के लिए ठेकेदारों के साथ 03.10.2023 को बैठक भी आयोजित की। बैठक में भाग लेने के लिए विभिन्न कार्य क्षेत्रों के विक्रेताओं/ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया था।

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर सेमीनार का आयोजन

रेलटेल, क्षेत्रीय कार्यालय/पूर्वी क्षेत्र में 4 अक्टूबर, 2023 को यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर एक सेमीनार आयोजित की गई। सुश्री देबजानी घोष, एडवोकेट, पार्टनर ऑफ विक्टर मोसेस एंड सीओ, सॉलिसिटर एंड एडवोकेट्स ने इस विषय पर अपनी प्रस्तुति दी।




सेमीनार में उपस्थित अधिकारीगण



सेमीनार को संबोधित करती हुई सुश्री देबजानी घोष

## चिकित्सा शिविर का आयोजन

8 दिसंबर 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन मणिपाल अस्पताल द्वारा किया गया था, जो रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पैनल में शामिल अस्पतालों में से एक है। शिविर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 86 कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के चिकित्सा परीक्षण कराए।





# काम के दबाव को कम करने और खुशहाली बढ़ाने के लिए 10 प्रभावी युक्तियाँ



सामान्यतया काम का अधिक दबाव कैरियर का एक अनिवार्य हिस्सा होता है, लेकिन अत्यधिक दबाव हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है और मानसिक तनाव भी पैदा कर सकता है। अच्छे स्वास्थ्य और उत्पादकता को बनाए रखने के लिए काम के दबाव को प्रबंधित और कम करने का ज्ञान होना आवश्यक है। इस लेख में, ऐसा करने में हम अपनी सहायता के लिए दस प्रभावी युक्तियाँ तलाशेंगे।

## 1. कार्यों को प्राथमिकता दें

हम अपने कार्यभार को व्यवस्थित करके इसकी शुरूआत करें। उन कार्यों की पहचान करें जो अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण हैं और पहले उन पर ध्यान केंद्रित करें।अपनी जिम्मेदारियों को प्राथमिकता से तय कर देने से , हमें अपना समय और ऊर्जा अधिक प्रभावी ढंग से आवंटित करने में मदद मिल सकती है, जिससे कार्यभार से ग्रसित होने का दबाव कम हो सकता है। यदि हमने सबसे आवश्यक कार्य योजनाबद्ध ढंग से पूरा कर लिया तो हमारे आगे के काम आसान हो जाते हैं ।

## 2. यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें

कपोल कल्पित तथा अवास्तविक अपेक्षाएँ अक्सर काम के दबाव को बढाती हैं। हम अपने लिए प्राप्त किये जाने वाले और प्रबंधनीय लक्ष्य निर्धारित करें। कार्यभार को कम कठिन बनाने के लिए बड़े कार्यों को छोटे, अधिक हासिल करने वाले चरणों में विभाजित करें। इसके लिए दृष्टिकोण व्यावसायिक अपनाया जाए ।

## 3. समय प्रबंधन

काम के दबाव को कम करने के लिए प्रभावी समय प्रबंधन महत्वपूर्ण है। हम अपने दिन की संरचना के लिए पोमोडोरो तकनीक या टाइम–ब्लॉकिंग जैसी समय प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करें। ब्रेक को प्राथमिकता देने से आपनी ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिल सकती है।

## 4. प्रतिनिधि और सहयोग करें

आवश्यकता पड़ने पर कार्य सौंपने या सहकर्मियों से मदद लेने से न डरें। टीम वर्क कार्यभार को कम कर सकता है और अक्सर अधिक नवीन समाधानों की ओर ले जाता है।

## 5. 'नहीं' कहना सीखें

अत्यधिक प्रतिबद्धता काम के दबाव का एक प्रमुख स्रोत हो सकती है। अपनी क्षमता के बारे में यथार्थवादी बनें और अतिरिक्त कार्य लेने पर 'नहीं' कहना सीखें, इससे हमारे काम की गुणवत्ता या अपनी भलाई प्रभावित हो सकती है। लक्ष्य यह होना चाहिए कि हम उन कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हों जिनके लिए हमारे पास पर्याप्त समय है तथा समय की बाजीगरी किए बिना उसे पूरा किया जा सके ।

## 6. व्यवसाय व निजी –जीवन में संतुलन बनाए रखें

अपने कामकाजी जीवन को अपने निजी जीवन से अलग करें। अधिक काम करने से थकान हो सकती है और तनाव का स्तर बढ़ सकता है। तरोताजा रहने के लिए शौक, व्यायाम और प्रियजनों के साथ समय बिताने के लिए समय निकालें। स्वस्थ तन–मन से कार्य क्षमता एवं उत्पादकता में वृद्धी आती है।

## 7. तनाव प्रबंधन का अभ्यास करें

तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। ध्यान, गहरी साँस लेना या योग काम के दबाव को कम करने और चिंता को कम करने में मदद कर सकता है। मस्तिष्क को तनाव से मुक्ति के लिए ध्यान व मनन नई स्फूर्ति पैदा कर सकते हैं ।

## 8. व्यवस्थित रहें

अव्यवस्थित कार्यक्षेत्र आपकी अराजकता की भावना को बढ़ा सकता है। सुव्यवस्थित ढंग से काम करने वाला तनाव मुक्त होता है । अपने डेस्क को व्यवस्थित रखने और अपनी डिजिटल फाइलों को व्यवस्थित रखने से आपको कार्यों में शीर्ष पर बने रहने में मदद मिल सकती है।

## 9. समर्थन खोजें

यदि काम का दबाव अत्यधिक हो जाए, तो अपने पर्यवेक्षक या मानव संसाधन विभाग से संपर्क करने में संकोच न करें। वे आपके कार्यभार को प्रबंधित करने में सहायता के लिए अतिरिक्त संसाधन या सहायता प्रदान करने में सक्षम हो सकते हैं।

## 10. खुद की देखभाल

स्वयं की देखभाल की शक्ति को कभी कम न समझें। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए रात को अच्छी नींद, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम आवश्यक हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप काम के दबाव को प्रभावी ढंग से संभालने में सक्षम हैं, इन गतिविधियों के लिए समय निकालें।

काम का दबाव एक आम चुनौती है, लेकिन यह आपके जीवन को नियंत्रित नहीं करता है। इन दस युक्तियों को लागू करके, आप काम के दबाव को कम कर सकते हैं, अपनी तंदुरूस्थी में पूर्णतया सुधार ला सकते हैं और अपनी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। याद रखें कि अपना ख्याल रखना कोई विलासिता नहीं है। यह एक पूर्ण और सफल कैरियर के लिए एक आवश्यकता है।

**चंद्रप्रकाश शर्मा**

सलाहकार/राजभाषा, रेलटेल, नई दिल्ली

## संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी देश की राजभाषा है?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार हिंदी हमारे देश की राजभाषा है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंको का रूप भारतीय अंको का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

## राजभाषा नियम 10 (4) क्या है?

राजभाषा नियम 1976 के नियम 10 (4) के अनुसार किसी कार्यालय के 80% या इससे अधिक कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी में प्रवीणता/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है। ऐसे कार्यालय को भारत सरकार के गजट में अधिसूचित किया जाना अनिवार्य है तथा कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना अपेक्षित है।

## एक छोटी बहन का पत्र अपनी तीन बड़ी बहनों के नाम



ये एक ऐसे मध्यम वर्गीय महिला (घर में सबसे छोटी बहन) का पत्र है जो उसने अपनी तीन बड़ी बहनों को लिखा है | जहाँ आज की भाग दौड़ भरी ज़िन्दगी में मनुष्य अपनी नौकरीएवं व्यवसायआदि में बहुत व्यस्त है और भावनाओं के लिए भी समय नहीं है वहां इस परिवार में आज भी बहुत स्नेह बना हुआ है | यह पत्र अत्यधिक हृदय स्पर्शी पत्र है | इसे पढ़ने के बाद तीनों बहनें अत्यंत ही भावुक हो गईं| इस पत्र में छोटी बहन बड़ी बहनों को अपने घर रात्रि में रहने के लिए आमंत्रित करती है |

" मेरी शादी को 33 वर्ष 6 दिन 10 घंटे हो गए हैं | मेरा मायका और मेरा ससुराल दोनो बहुत अच्छे फिर भी मैं तुम तीनों के साथ एक रात गुजारना चाहती हूं मेरे घर पर | हालांकि मैं भी तुम्हारे घर पर कभी एक रात गुजारने नहीं आ पाई | मै जानती हू तुम सब नहीं आ पायोगी आओगी | फिर भी मेरा निवेदन है एक रात छोटी बहन के नाम दीदी सात समुंदर पार रहने जाती हो | शिवेन (दीदी का पोता) बोलता है उसका आधा हमारे घर रुको| मैं तो बस इतना बोलती हूं एक रात हमारे घर रुको

उषा दीदी आप मिली (दीदी कीबेटी) के घर रुकती हो, अचिन (दीदी का बेटा)के घर रुकती हो औरघूमने भी जाती हो| एक रात हमारे घर भी रुको

गीता दीदी आप घूमने जाते हो कल को अपूर्वा (दीदी कीबेटी) की शादी होगी आप उधर भी जाओगे| मजबूरी में औरों के घर रुकते हो मेरी खुशी के लिए एक रात हमारे घर रुको

लिखने में कोई शब्द गलत लिखा गया हो तो मुझे माफ करना लेकिन मेरे घर एक रात रहने जरूर आना| क्योंकि मैं आप सबके साथ रहकर एक बार फिर वही बचपन जीना चाहती हूं उम्मीद करती हूं आप सब जल्दी से जल्दी एक रात सीटू के नाम"

हम चार मीठी यादें खट्टा मीठा अचार

**गीता भटेजा**

निजी सहायक, कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली

## एक सासु माँ



एक सासू माँ द्वारा अपनी बहू पर रचित कविता "मेरी बेटी"

एक बेटी मेरे घर में भी आई है

सिर के पीछे उछाले गये चावलों को माँ के आँचल में छोडकर, पाँव के अँगूठे से चावल का कलश लुढ़का कर, महावर रचे पैरों से, महालक्ष्मी का रूप लिए, बहू का नाम धरा लाई है।

एक बेटी मेरे घर में भी आई है।

माँ ने सजा धजा कर बड़े अरमानों से, दामाद के साथ गठजोड़े में बाँध विदा किया, उसी गठजोड़े में मेरे बेटे के साथ बँधी, आँखों में सपनों का संसार लिए, सजल नयन से आई है।

एक बेटी मेरे घर में भी आई है।

किताबों की अलमारी अपने भीतर संजोये,

गुड्डे गुड़ियों का संसार छोड़कर,

**गंभीर सिंह**

प्रबंधक मानव संसाधन (कॉर्पोरेट कार्यालय)

# राजभाषा की संवैधानिक व्यवस्था

## प्रस्तावना

भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था।

राजभाषा के स्वरूप को व्याख्यायित करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक राजभाषा नीति तैयार की गई, जिसके अंतर्गत संवैधानिक एवं सांविधिक प्रावधान किए गए।

### संविधान के भाग- 5

अनुच्छेद-120 के अनुसार संसद में कार्य हिंदी या अंग्रेज़ी में किया जाएगा। लेकिन यदि कोई सांसद हिंदी या अंग्रेज़ी में अपने विचार व्यक्त करने में सक्षम नहीं होने पर उनके अनुरोध पर राज्य सभा के सभापति तथा लोक सभा के अध्यक्ष या तत् पदभार संभालने वाले व्यक्ति द्वारा उन्हें अपनी मातृभाषा में बात करने की अनुमति दी जा सकती है।

### संविधान का भाग-6

अनुच्छेद- 210 के अनुसार राज्य के विधान परिषद और विधान सभा में कार्य राज्य की राजभाषा/राजभाषाओं में या हिंदी / अंग्रेजी में किया जाएगा।

### संविधान का भाग-17

अनुच्छेद 343 से 351 में संघ की राजभाषा हिंदी, 8वीं अनुसूची में विनिर्देश अन्य भाषाओं, किसी राज्य के विधान मंडल द्वारा राजभाषा के रूप में स्वीकृत अन्य कोई स्थानीय भाषा और अंग्रेजी का यथावश्यक प्रयोग तथा हिंदी को समृद्ध किए जाने संबंधी प्रावधान हैं।

संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषाएं

| | |
|---|---|
| हिंदी | पंजाबी |
| बांग्ला | संथाली |
| बोड़ो | असमिया |
| तेलुगू | मराठी |
| मैथिली | डोगरी |
| उड़िया | तमिल |
| मलयालम | कोंकणी |
| उर्दू | गुजराती |
| संस्कृत | नेपाली |
| कन्नड़ | कश्मीरी |
| सिंधी | मणिपुरी |

भारत की 14 भाषाएं 1950 में संविधान में शामिल की गई। सिंधी को 1967 में संविधान में शामिल किया गया। मणिपुरी, नेपाली, कोंकणी को 1992 में शामिल किया गया। मैथिली, संथाली, बोडो और डोगरी को 2003 में शामिल किया गया।

संविधान के 17 वें भाग में राजभाषा संबंधी उपबंध दिए गए हैं, जिनमें अनुच्छेद 343 से 351 तक 9 अनुच्छेद राजभाषा से संबंधित हैं. अनुच्छेद 343(1) संविधान की धारा 343 (1) के अनुसार:

- भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी है। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप (अर्थात 1, 2, 3 आदि) है।
- अनुच्छेद 343(2) के अंतर्गत यह भी व्यवस्था की गई है कि संविधान के लागू होने के समय से 15 वर्ष की अवधि तक, अर्थात् 26 जनवरी, 1965 तक

संघ के सभी सरकारी कार्यों के लिए पहले की भांति हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का प्रयोग होता रहेगा।

- अनुच्छेद 343 (3) में संसद को यह अधिकार दिया गया कि वह 1965 के बाद भी सरकारी कामकाज में हिंदी के साथ अंग्रेज़ी का प्रयोग जारी रखने के बारे में व्यवस्था कर सकती है।
- अनुच्छेद 344(1) संविधान के लागू होने के पांच साल बाद (1955) प्रथम राजभाषा आयोग का गठन किया गया।
- 344(2) के अनुसार यह आयोग अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी कामकाज में हिंदी के क्रमिक प्रयोग के बारे में राष्ट्रपति को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा ।
- 344(3) आयोग की सिफारिशों पर राय देने के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन । इस समिति की सिफारिशों के आधार पर ही संसद द्वारा अनुच्छेद 343 की शक्तियों का प्रयोग कर राजभाषा अधिनियम 1963 बनाया गया।
- अनुच्छेद 345 राज्यों को यह अधिकार है कि वे अपने यहां प्रयुक्त किसी एक भाषा या एक से अधिक भाषाओं को अपनी राजभाषा चुन सकते हैं या चाहें तो अंग्रेजी का प्रयोग जारी रख सकते हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 346 में संघ और राज्यों के बीच पत्राचार के माध्यम की व्यवस्था संविधान बनाते समय यह भाषा अंग्रेजी थी, लेकिन आपसी राय से राज्य हिंदी का प्रयोग कर सकते हैं।
- अनुच्छेद 347 राष्ट्रपति जी राज्य की मांग के आधार पर किसी भी भाषा को सरकारी काम काज के लिए मान्यता दे सकते हैं।
- अनुच्छेद 348 (1) जब तक संसद कोई दूसरा कानून नहीं बनाती तब तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की सभी कार्यवाहियों अंग्रेजी में होगी।
- अनुच्छेद 348(2) किसी राज्य का राज्यपाल राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से अपने राज्य के उच्च न्यायालयों के निर्णयों, आदेशों आदि को छोड़कर शेष सभी कार्रवाइयों के लिए हिंदी या राज्य की राजभाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकता है।
- अनुच्छेद 348(3) यदि किसी राज्य में विधि के लिए अंग्रेजी को छोड़कर कोई दूसरी भाषा नियत की गई है तो राज्यपाल के प्राधिकार से राज्य के गजट में प्रकाशित विधियों, नियमों आदि का अंग्रेजी अनुवाद उसका प्राधिकृत पाठ होगा।
- अनुच्छेद 349 में यह कहा गया है कि 348 (1) में उल्लिखित भाषा की व्यवस्था में परिवर्तन के लिए राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी ।
- आवेदन/अभ्यावेदन की भाषा- अनुच्छेद 350 के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपनी व्यथा के निवारण के संबंध में अपना आवेदन / अभ्यावेदन सरकारी पदाधिकारी के सामने किसी भी भाषा में प्रस्तुत कर सकता है। यह शर्त जरूर है कि अगर आवेदन संघ के पदाधिकारी को लिखा गया है तो संघ में प्रयुक्त भाषाओं में से कोई एक में होना चाहिए और अगर किसी राज्य के अधिकारी को संबोधित है तो उस राज्य में प्रयुक्त भाषाओं में से किसी एक भाषा में होना चाहिए।
- हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश- अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा की प्रसार - वृद्धि और उसका विकास करना, ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम हो सके।

# कार्यालय में प्रयोग होने वाले सामान्य अंग्रेजी - हिन्दी वाक्यांश

| क्र.स. | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|
| 1 | Accepted For payment | भुगतान के लिए स्वीकृत |
| 2 | Action has already been taken in the matter | इस मामले में कार्रवाई की जा चुकी है। |
| 3 | Action has not yet been initiated | कार्रवाई अभी शुरू नहीं की गई है। |
| 4 | Action may be taken as proposed. | यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए। |
| 5 | Administrative approval may be obtained | प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए |
| 6 | Application may be rejected. | आवेदन अस्वीकार कर दिया जाए। |
| 7 | As per details below | नीचे लिखे ब्यौरों के अनुसार |
| 8 | Call for an explanation | स्पष्टीकरण मांगा जाए। |
| 9 | Call upon to show cause | कारण बताने को कहा जाए। |
| 10 | Carried forward. | अग्रनीत । |
| 11 | Charge handed over | कार्यभार सौंप दिया । |
| 12 | Competent authority's sanction is necessary. | सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी आवश्यक है |
| 13 | Consolidated report. | समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। |
| 14 | Day to day administrative work | दैनंदिन प्रशासनिक कार्य । |
| 15 | Deduction at source. | स्त्रोत पर कटौती । |
| 16 | take necessary action./Do the needful. | आवश्यक कार्रवाई करें। |
| 17 | Draft has been amended accordingly | प्रारूप तदनुसार संशोधित कर दिया गया है। |
| 18 | Draft may now be issue | प्रारूप अब जारी कर दिया जाए। |
| 19 | Draft reply is put up for approval | उत्तर का प्रारूप अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है। |
| 20 | Draft on the lines suggested above | ऊपर सुझावों के आधार पर उत्तर |
| 21 | Explanation may be called for. | स्पष्टीकरण मांगा जाए। |
| 22 | Follow up action. | अनुवर्ती कार्रवाई |
| 23 | For sympathetic consideration. | सहानुभूतिपूर्ण विचार के लिए |
| 24 | I have the honour to say | सादर निवेदन है। |
| 25 | issue as amended. | यथा संशोधित भेज दें। |

## वर्ष 2022-2023 के दौरान हिंदी में सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची

| क्र.सं. | नाम सर्व श्री | पदनाम | कार्यालय | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कुमार कल्याण सुंदरम | अपर महाप्रबंधक | बेंगलुरू/टेरिटरी | 3000/- |
| 2. | श्री बी.रवि कुमार | सहायक महाप्रबंधक/वित्त | सिकंदराबाद | 3000/- |
| 3. | श्री राजमणि सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक/परियोजनाएं | मुबंई | 3000/- |
| 4. | श्री पी.एम.पांडे | सहायक महाप्रबंधक | नागपुर/टेरिटरी | 3000/- |
| 5. | श्री अरबिंद कुमार | वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक | पटना/टेरिटरी | 3000/- |
| 6. | श्री पूरन सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक/तकनीकी | कोलकाता | 3000/- |
| 7. | श्री रवि मित्रका | वरिष्ठ प्रबंधक/वित्त | कॉर्पोरेट कार्यालय | 3000/- |
| 8. | श्री विक्रम सिंह | निजी सचिव | कॉर्पोरेट कार्यालय | 3000/- |
| 9. | श्री पुष्पेन्द्र कुमार | टेरिटरी प्रबंधक | चंडीगढ/टेरिटरी | 3000/- |
| 10. | श्री पंकज सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक | जयपुर | 3000/- |

## हिंदी पखवाडा 2023 के अवसर पर आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में विजेता अधिकारी/कर्मचारीगण

### हिंदी टिपण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता

| क्र.सं. | नाम सर्वश्री/सुश्री | पदनाम | स्थान | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अजीत सिंह | सहायक महाप्रबंधक/प्रशासन | प्रथम | 2500/- |
| 2. | श्री विक्रम सिंह | निजी सहायक | द्वितीय | 2000/- |
| 3. | सुश्री रीचि गुप्ता | कार्यालय कार्यकारी/प्रशासन | तृतीय | 1500/- |
| 4. | सुश्री ज्योति | निजी सहायक | चतुर्थ | 1000/- |

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता

| क्र.सं. | नाम सर्वश्री/सुश्री | पदनाम | स्थान | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री गीता भटेजा | निजी सहायक | प्रथम | 2500/- |
| 2. | सुश्री चांदनी गर्ग | वरिष्ठ प्रबंधक/वित्त | द्वितीय | 2000/- |
| 3. | श्री विक्रम सिंह | निजी सहायक | तृतीय | 1500/- |
| 4. | श्री अंकुर ठकराल | सॉफ्टवेयर डवलपर | चतुर्थ | 1000/- |

### हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता

| क्र.सं. | नाम सर्वश्री/सुश्री | पदनाम | स्थान | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पंकज थपलियाल | निजी सहायक | प्रथम | 2500/- |
| 2. | श्री विक्रम सिंह | निजी सहायक | द्वितीय | 2000/- |
| 3. | सुश्री गीता भटेजा | निजी सहायक | तृतीय | 1500/- |
| 4. | सुश्री रीचि गुप्ता | कार्यालय कार्यकारी/प्रशासन | चतुर्थ | 1000/- |

### स्व-रचित हिंदी कविता, कहानी एवं लेख प्रतियोगिता

| क्र.सं. | नाम सर्वश्री/सुश्री | पदनाम | स्थान | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री इतू बाला | मानव संसाधन कार्यकारी/रेलटेल, चंडीगढ | प्रथम | 2000/- |
| 2. | नितिन हुंडैत | टेरिटरी प्रबंधक/उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली | द्वितीय | 1500/- |
| 3. | योगेश डी जोशी | इलेक्ट्रीशियन, पश्चिम क्षेत्र, मुबंई | तृतीय | 1000/- |
| 4. | चेतन शर्मा | प्रचालन एवं रखरखाव | चतुर्थ | 800/- |

# रेलटेल के 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां

















## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

ऑफिस ब्लॉक टॉवर 2, छठा तल, प्लेट-ए, एनबीसीसी बिल्डिंग, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली - 110023

वेबसाइट : www.railtelindia.com